वर्ष -15 अंक-21 प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित अनूपपुर 25 से 30 मई 2023 मूल्य 2.00 पृष्ठ 8 Epaper-www.fatwasamachar.com

डाक पंजी- SDL-0019/2025 RNI-MPHIN/2008/24599

# फ़तवा

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार पत्र आपका विश्वास

**सुविचार**

प्रसन्नता परमात्मा की दी हुई औषधी है।

- स्वेट मार्डन

पेज-2



पेज-3



पेज-5



## संक्षिप्त समाचार

### मां ज्वालामुखी मंदिर में श्रद्धालु ने चढ़ाए 2 हजार के 400 नोट

**ज्वालामुखी नप्र।** 2,000 के नोट बंद होने के बाद ही एक श्रद्धालु ने ज्वालामुखी मंदिर में पहुंचकर 2,000 के 400 नोट यानि कुल 8 लाख रुपए मां ज्वालामुखी के दरबार में चढ़ाए। रविवार को हुई काउंटिंग के बाद मामले का पता चला। ऐसा माना जा रहा है कि ये नोट शनिवार को ही चढ़ाए गए हैं। इससे एक दिन पहले ही 19 मई को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 का नोट चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि अभी 2 दिन पहले ही केंद्र सरकार ने 2000 का नोट बंद किया है और उसके तुरंत बाद एक श्रद्धालु द्वारा 2000 रुपए के 400 नोटों को चढ़ाना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। मंदिर के कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा यह राशि चढ़ाई गई है और मां के दरबार में कई बड़े से बड़े भक्त आते हैं, जो अक्सर बड़ी-बड़ी सौगातें मां के चरणों में अर्पित करते हैं और बड़े-बड़े चढ़ावे मां के दरबार में अर्पित करते हैं। नगर परिषद ज्वालामुखी के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी सितम्बर माह तक 2000 के नोट बैंक में बदले जा सकते हैं। ऐसे में मां ज्वालामुखी के दरबार में यदि 2000 के नोट आते हैं तो निश्चित तौर पर उनका मंदिर को लाभ होगा। मंदिर के विकास कार्यों पर यह पैसा खर्च किया जाएगा।

### लड़का पैदा होने की ख्वाहिश में 3 साल के बच्चे की दे दी नरबलि

**अलीगढ़ नप्र।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में जादू टोना के चलते एक नरबलि की घटना आई सामने आई है। एक तीन साल के बच्चे की तांत्रिक विद्या के तहत सगे बुआ फूफा ने नरबलि दे दी। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर बच्चे का शव जमीन खोदकर बरामद कर लिया है। घटना चार दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार गांधी पार्क थाना इलाके के एटा चुंगी कमालपुर रोड किनारे से कब्र खोदकर मासूम का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार डोरी नगर का रहने वाला 3 साल का बच्चा अपनी बुआ के यहां मडराक थाना इलाके के मुकुंदपुर गांव गया हुआ था। आरोप है कि बुआ के पास 4 बेटियां हैं और बेटा कोई नहीं है। जिसके चलते उन्होंने 3 साल के बच्चे की बलि दे दी। पीड़ित पिता द्वारा एसएसपी कलानिधि नैथानी को लिखित में शिकायत की गई जिसके बाद एक्टिव हुई पुलिस ने बच्चे की डेड बॉडी को तालाब के किनारे से निकालकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया।

## अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण एवं अनुज्ञा प्रदाय कार्यक्रम में की घोषणा

# 31 दिसम्बर 2022 तक की सभी अनाधिकृत कॉलोनियां वैध होगी : शिवराज सिंह चौहान



**✷ गरीब रहवासियों से नहीं लिया जायेगा विकास शुल्क**

**✷ अवैध कॉलोनी कटी तो जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी**

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 31 दिसंबर 2022 तक निर्मित सभी अनाधिकृत कॉलोनियाँ वैध की जायेंगी। इन कॉलोनियों में विकास के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। अधो-संरचना से जुड़ी सभी व्यवस्थाएँ की जाएंगी। पानी और बिजली के साथ ही अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जायेंगी। इन कॉलोनियों के गरीब रहवासियों से विकास शुल्क नहीं लिया जायेगा। जो मकान जिस रूप में बने हैं उन्हें उसी रूप में स्वीकार कर अनुमति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अब अगर अवैध कॉलोनी कटी तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। अधिकारी इस पर पैनी नजर रखें। अवैध कॉलोनी बननी ही नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री चौहान ने यह घोषणाएँ मुख्यमंत्री निवास में अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण और नागरिक अधो-संरचना विकास एवं भवन अनुज्ञा प्रदाय कार्यक्रम में की। कार्यक्रम कन्या-पूजन के साथ शुरू हुआ। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लोगों की जिंदगी आसान बनाना सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसके लिए आवश्यक निर्देश नगरीय विकास एवं आवास विभाग को दिए।

### नगरीय निकाय रहवासी संघ को आवश्यक सहयोग करें


मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध किया जा रहा है। यहाँ रहवासी संघों को सभी नगरीय निकाय आवश्यक सहयोग करें। कॉलोनियों को स्वच्छ और सुंदर बनाने पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना घर सबसे सुंदर होता है। हर व्यक्ति का सपना होता है कि जीवन में अपना एक मकान जरूर हो। रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। मकान के बिना जिंदगी नहीं काटी जा सकती। मकान ईंट-गारे का भवन नहीं, एक पवित्र मंदिर होता है। मकान हमारे बच्चों के लिए सपनों का घर होता है। भारतीय संस्कृति में यह माना जाता है कि अपनी संतान के लिए मकान बनाना आवश्यक है। शहरों में निम्न मध्यमवर्गीय परिवार, कामकाज के लिए और बच्चों की पढ़ाई के लिए आने वाले लोग रहते हैं। उनका अपना मकान हो, ऐसी इच्छा होती है। जिंदगी भर की पूँजी मकान में पाई-पाई जोड़ कर लगाई जाती है। कई बार ऐसे भू-खंड ले लेते हैं जो अनाधिकृत होते हैं। उस पर मकान निर्मित हो जाने के बाद उसके अवैध होने की जानकारी मिलती है। यह नागरिकों के साथ न्याय नहीं है। अनाधिकृत होने के कलंक को मिटाना है। अपना आशियाना बनाना अवैध नहीं है। राज्य सरकार ग्रामों में मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना संचालित कर रही है। शहरों में भी वर्षों पुराने पट्टाधारियों को मालिक बनाया जा रहा है। इसी तरह जीवन भर परिश्रम से अपनी अर्जित कमाई लगा कर मकान बनाने वालों को अनाधिकृत नहीं मान सकते। कॉलोनाइजर गड़बड़ न करें, इस पर भी नियंत्रण आवश्यक है।

### शहरों में गरीबों को मिलेगा 5 रूपये में भोजन

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि काम-काज के लिए शहर आने वाले गरीबों को दीनदयाल रसोई योजना में 5 रूपये में भोजन उपलब्ध कराया जाये। प्रदेश में कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोये। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाये लेकिन इसमें संतुलन रखें। ठेले वालों की रोजी-रोटी पर संकट नहीं आना चाहिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कुछ नागरिकों को प्रतीक स्वरूप अनुज्ञा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अभी 31 दिसम्बर 2016 तक की 6077 अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध करने की कार्यवाही की जा रही है।

सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अगर 31 दिसम्बर 2022 तक की अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लिया जाये तो अतिरिक्त रूप से 2500 कॉलोनियों के रहवासी लाभांवित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में बने ऐसे मकान जो कंपाउंडिंग की सीमा में आ रहे हैं, उनके नक्शे पास किये जाये। सिंह ने कहा कि गरीब रहवासियों से विकास शुल्क लेने का प्रावधान समाप्त किया जाये तो इससे लाखों गरीब लाभान्वित होंगे। इन कॉलोनियों के नक्शे पास करने के लिए ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाई जाये, तो सुविधा होगी। सिंह ने कहा कि अब रहवासियों को समस्त भवन अनुज्ञा, अनुमतियाँ एवं बैंक लोन की पात्रता भी मिल सकेगी।

# ज्वाला के चार शावकों में से एक की मौत, कूनो को लगा एक और झटका



**✷ मादा चीता शाशा की मौत किडनी इन्फेक्शन से हुई**

**✷ उदय नर चीते की मौत हर्ट अटैक से हुई**

**✷ मादा चीता दक्षा की मौत मेटिंग के समय आपसी संघर्ष से हुई**

**श्योपुर नप्र।** एक और बड़ी और दुखद खबर मध्यप्रदेश के कूनो वन अभ्यारण से आ रही है जहां पूर्व में तीन चीतों की मौत के बाद , चीता शावक की मौत हो गई है । आपको बता दे पिछले तीन महीनों के अंदर कूनो में यह चौथी मौत है। आपको बता दें 27 मार्च को कूनो में मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमे से एक शावक की मौत की खबर आज कूनो से मिली है। हालांकि इस हुई मौत के कारण का खुलासा अभी तक नही हो पाया है। इन शावकों के जन्म से पहले ही मादा चीता शाशा, उदय और दक्षा की मौत हुई थी।

### 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते लाए गए थे

17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भारत में चीतों की पहली खेप कूनो वन अभ्यारण में आई थी जिसमे 8 चीतों को प्रधानमंत्री मोदी ने इन्हे अभ्यारण में बने बाड़े में रिलीज किया था उसके बाद 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते लाए गए थे । इस प्रकार 20 संख्या चीतों की हो गई थी जिनमें से तीन चीतों शाशा,उदय ,दक्षा की मौत हो गई थी। लेकिन मादा चीता ज्वाला( सियाया) ने चार शावकों को जन्म दिया था तो चीतों की संख्या बढ़कर 21 हो गई थी लेकिन आज उनमें से एक शावक चीते की मौत के बाद चीतों की कुल संख्या 20 बरकरार है। लेकिन इस प्रकार से पिछले दो तीन महीनों में इस प्रकार चीतों की मौत चिंता का विषय बन गया है। इससे पहले हुई तीन चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई और पूछा भी गया था कि कूनो से चीतों को शिफ्ट क्यों नहीं किया जा रहा है। भोपाल में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस ने पिछले गुरुवार चीता प्रोजेक्ट की समीक्षा की उन्होंने चीतों के लिए मंदसौर के गांधी सागर और सागर के नौरादेही को जल्दी तैयार करने के निर्देश भी दिए। वन अफसरों के मुताबिक कूनो में दो मादा चीता गर्भवती भी हैं जिनकी डिलीवरी जून माह में हो सकती है।

## शरद पवार न लोकसभा चुनाव लड़ेंगे न ही पीएम पद की दौड़ में रहेंगे

**पुणे नप्र।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह न तो अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और न ही प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ऐसा नेतृत्व चाहता है जो देश की भलाई के लिए काम करे। पुणे विश्वविद्यालय के कुलपति राम तकावाले के निधन के सिलसिले में आयोजित शोक सभा के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास कर रहा हूं। मैं प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में नहीं हूं क्योंकि मैं अगला (लोकसभा) चुनाव नहीं लड़ूंगा। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीटों के बंटवारे के बारे में उन्होंने कहा, 'हाल ही में मेरे आवास पर एक बैठक हुई थी। महा विकास आघाड़ी के नेता इस पर फैसला करेंगे।



# नव-गठित निवाड़ी जिले के लिये पदों के सृजन की मंजूरी

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक में नव-गठित निवाड़ी जिले के लिये विभिन्न संवर्गों के कुल 12 पदों में से 9 पदों को जिला टीकमगढ़ से रिडिप्लायमेंट से उपलब्ध कराने तथा 3 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**संविदा नियुक्ति नियम-2017 के नियम में संशोधन की स्वीकृति**

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति नियम, 2017 के नियम 11 (3) के बाद परंतुक स्थापित करने का निर्णय लिया। संशोधन के अनुसार परन्तु यह कि राज्य शासन विशिष्ट प्रकरण में उपरोक्तानुसार उल्लेखित एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देने की शर्त को शिथिल कर सकेगा।



उल्लेखनीय है कि सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति संबंधी नियम-2017 के नियम 11(3) के प्रावधान अनुसार संविदा नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व की सूचना अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त किए जाने का प्रावधान था।

**पुनर्वास आयुक्त के पद में 30 जून 2027 तक की वृद्धि**

मंत्रि-परिषद ने पुनर्वास आयुक्त के 1 अस्थाई पद की समय अवधि 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 से बी.सी.ओ. पुनर्वास आयुक्त कार्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमुख राजस्व आयुक्त राजस्व विभाग के बी.सी.ओ. 0709 में मर्ज किया जाएगा।

**अन्य निर्णय**

मंत्रि-परिषद ने राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ का गठन किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 अप्रैल 2022 को जारी आदेश को अनुमोदित किया।

### इंडिया गेट पर रेसलर्स का मार्च

## तिरंगा लेकर समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे बोले- पुलिस ने समर्थकों को इंडिया गेट से भगाया





**पानीपत।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवानों ने मंगलवार को इंडिया गेट से मार्च निकाला। इसमें लोग तिरंगा लेकर शामिल हुए। पहलवानों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने इंडिया गेट को खाली करा दिया, ताकि लोग उनके समर्थन में हिस्सा न ले सकें। बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवानों के जंतर-मंतर पर चल रहे धरने को आज ही एक महीना पूरा हुआ है।



वहीं, बृजभूषण ने कहा, 'मैं उनसे मिलने कभी नहीं जाऊंगा। पहले वे मेरे पैर छूते थे और अब धरना देते हैं। वे षड्यंत्र के शिकार हैं। यह मामला यौन शोषण का नहीं, बल्कि गुड टच-बैड टच का है। बजरंग पूनिया की कुश्ती तो खत्म हो चुकी है।' जवाब में विनेश फोगाट ने कहा कि उनके भी घर में मां-बेटियां और महिलाएं हैं।

बृजभूषण ने मंगलवार को यूपी के मऊ में महाराणा प्रताप की जयंती समारोह में कार्यक्रम में कहा, 'ये मुकदमा छुआछूत का है। सही छुआ या गलत छुआ। छुआछूत का रोग लेकर देवियां (महिला पहलवान) आ गई हैं। जो पहलवान प्रदर्शन कर रहे हैं, वे आज तक नहीं बता पाए कि कब हुआ, कहां हुआ, क्या-क्या हुआ, कैसे- कैसे हुआ।' उन्होंने कहा, 'कल खाप पंचायत हुई थी, उसमें यह तय हुआ कि सांसद जी का नार्को टेस्ट करा लिया जाए। शाम को मैंने बोल दिया कि मेरा नार्को करा लिया जाए, साथ ही आरोप लगाने वाली खिलाड़ियों का भी नार्को टेस्ट कराया जाए। ताकि षड्यंत्रकारियों का पता लगाया जा सके। ये जो मुकदमा है, वह बैड टच और गुड टच का है। ये छुआछूत का मुकदमा है।

## केरल के मंदिरों में आरएसएस की शाखा लगाने पर रोक



**तिरुवनंतपुरम एजेंसी।** केरल के मंदिरों में आरएसएस की शाखा लगाना बैन कर दिया गया है। केरल में मंदिरों का मैनेजमेंट संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड ने सभी 1248 मंदिरों को सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा गया- मंदिरों में सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान और आयोजन ही कराए जाएं। किसी भी राजनीतिक गतिविधि या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा की परमिशन नहीं दी जाए। सर्कुलर में बोर्ड ने साफ किया कि आदेश का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बोर्ड ने 30 मार्च 2021 और 2016 में भी सर्कुलर जारी करके मंदिर परिसरों में आरएसएस की शाखा, हथियार प्रशिक्षण और अभ्यास पर रोक लगा दी थी। नए निर्देश इसलिए जारी किए गए क्योंकि बोर्ड को पता चला है राज्य के कुछ मंदिरों में आदेश के बाद भी ऋस्स् के इवेंट हो रहे थे। आदेश न मानने वालों की TDB में शिकायत करें। देवस्वम बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि सिर्फ आरएसएस ही नहीं, किसी भी संगठन या राजनीतिक दलों को पूजा-अनुष्ठान के अलावा मंदिर परिसर में कोई अन्य आयोजन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड के अधिकारियों को इस तरह की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठाने और मुख्यालय को रिपोर्ट करने के लिए कहा है।

**कांग्रेस बोली- 90 प्रतिशत हिंदू आरएसएस के खिलाफ**

## राहुल गांधी ने अंबाला से चंडीगढ़ 50 किमी का सफर ट्रक से तय किया



**चंडीगढ़ नप्र।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार रात अंबाला से चंडीगढ़ तक 50 किलोमीटर का सफर ट्रक से तय किया। राहुल दोपहर दिल्ली से शिमला के लिए कार से रवाना हुए थे। लेकिन बीच में वे अंबाला से ट्रक पर सवार हो गए। राहुल ने इस यात्रा के दौरान ट्रक ड्राइवरों से बात की और उनकी समस्याएं को जाना। राहुल गाँधी ने ट्रक को सुबह 5.30 बजे अंबाला सिटी के श्री मंजी साहब गुरुद्वारे पर रुकवाया। उसके बाद गुरुद्वारे में माथा टेका और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने गुरुद्वारे में लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। उनके सफर का एक वीडियो कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। कांग्रेस ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि भारत की सड़कों पर 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं।

## भोपाल से गोवा के लिए सीधी उड़ान सेवा, हफ्ते में 3 दिन मिलेगी सेवा

**भोपाल नप्र।** भोपाल से पहली बार गोवा तक सीधी उड़ान शुरू हो गई है। पहली उड़ान से गोवा जा रहे यात्रियों का राजा भोज एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। गोवा से पहली उड़ान जैसे ही राजा भोज एयरपोर्ट पर पहुंची, वाटर सैल्यूट के साथ उड़ान का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने भोपाल से गोवा रवाना होने वाले यात्रियों के साथ केक काटा। इस अवसर पर विमानतल सुरक्षा प्रभारी एवं सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेंट मानसिंह, एटीएम मैनेजर सिद्धार्थ यादव, कीर्ति वर्धन सहित बड़ी संख्या में एयरपोर्ट अधिकारी उपस्थित थे। भोपाल से गोवा जा रहे यात्री प्रसन्न नजर आए। पहली उड़ान से 144 यात्री गोवा से भोपाल पहुंचे।

# जबलपुर की स्वाति को यूपीएससी में 15वीं रैंक- धार की संस्कृति सोमानी 49वें स्थान पर रहीं; भोपाल की भूमि का भी सिलेक्शन

**भोपाल नप्र।** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विस एग्जाम का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें जबलपुर की रहने वाली स्वाति शर्मा ने 15वीं और धार के बीजेपी जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी की बेटी संस्कृति सोमानी ने 49वीं रैंक हासिल की है। भोपाल की पल्लवी मिश्रा की 73वीं और भूमि श्रीवास्तव की 304 वीं रैंक आई हैं। वहीं शिवपुरी के शिवम यादव ने 263 वां स्थान हासिल किया है।

स्वाति शर्मा जबलपुर के धनवंतरी नगर में परिवार के साथ रहती हैं। वह मूल रूप से सतना जिले के भटनबारा गांव की रहने वाली हैं।

लंबे समय से जबलपुर में ही रह रही है। उन्होंने अपनी पढ़ाई भी यहीं पूरी की है। स्वाति शर्मा ने बातचीत में बताया कि लॉकडाउन में बुक स्टोर्स बंद थे। हमारे पास स्टडी मटेरियल की कमी रहती थी। स्ट्रगल किया। कम रिसोर्सेस में आगे बढ़ना कोविड ने सिखाया है।

स्वाति शर्मा का कहना है कि 18-19 साल की होते ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है। मेरा सोचना है लड़कियों को आगे बढ़ने का एक मौका जरूर देना चाहिए। वह एक ना दिन गौरवांन्वित होने का मौका जरूर देती हैं। जो लोग यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं, वह हार्डवर्क करते रहें। अपने लिए एक मोटीवेटिंग फेक्टर जरूर खोजते रहे। मोटिवेटिंग फेक्टर को सोचिए। आप हमेशा सफल रहेंगे।

### भोपाल की पल्लवी की 73वीं रैंक



भोपाल में अरेरा कॉलोनी की रहने वाली पल्लवी मिश्रा जो कि एक लॉ ग्रेजुएट हैं। उन्होंने यूपीएससी में 73 रैंक हासिल की। उनके पिता अजय मिश्रा एडवोकेट हैं। वहीं उनके भाई आदित्य मिश्रा डीसीपी इंदौर हैं।

## संपादकीय

# कभी अपनी गिरेबां में क्यों नहीं झांकते श्रीमान

चुनाव हो जाते हैं, सरकारें बन जाती हैं, लेकिन चुनाव में कही गई बातें मिट्टी में दफन हो जाती हैं। चुनाव जीतने के लिए जो कुछ भी वादे किए जाते हैं या जनता को सब्जबाग दिखाए जाते हैं, राजनीतिज्ञों द्वारा सबके सब अगले चुनाव के लिए नमक-मिर्च लगाकर रख लिया जाता है। जनता तो भूल जाती है कि कितने मधुर दिवास्वप्न उसे दिखाए गए थे। चुनाव के बाद के लिए उसने कितने हसीन स्वप्न देखे थे, लेकिन यह क्या? सच में सब जुमले ही साबित हुए। चुनी गई सरकार के मंत्री शायद आचार्य कणिक के इस सिद्धांत को अपनाते हैं, जो ज्ञान उन्होंने धृतराष्ट्र को दिया था। आचार्य कणिक (धृतराष्ट्र के कूटनीतिक मंत्री) स्पष्ट रूप से कहते हैं कि जिनके द्वारा राज्य छीने जाने का कोई भी संकट हो, उन्हें निश्चित रूप से शत्रु समझा जाए और ऐसे लोगों को कभी भी जीवित नहीं छोड़ा जाए। एक दूसरी महत्वपूर्ण बात, वह यह भी कहते हैं कि चतुर राजा वही है, जो देने की बात तो करे, लेकिन दे नहीं। जितना संभव हो, टालता रहे। आचार्य कणिक की मंत्रणा थी कि पांडवों को राज्य देने की बात तो की जाए, किंतु उन्हें दिया न जाए तथा जितनी जल्दी संभव हो, पांडवों का वध कर दिया जाए। अक्षरशः सत्य, इसी तरह आज के कुछ राजनीतिक दल के नेता शायद आचार्य कणिक की धृतराष्ट्र को दिए गए इस मंत्रणा को आत्मसात करके सत्ता में आते ही उस पर अमल करना शुरू कर देते हैं। यह ठीक है कि सरकार जनता को अपनी उपलब्धियां खूब महिमामंडित करके बताए, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकने लगे तो इसे क्या कहा जा सकता है। पुलवामा में जवानों की शहादत को वोट बैंक में तब्दील करना कोई भारत के राजनीतिज्ञों से सीख सकता है। भारत के लिए केंद्र में मजबूत सरकार को जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में वोट मांगते हुए युवाओं से कहा कि बालाकोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद भारत द्वारा हवाई हमले से आतंकियों में डर पैदा हो गया है और पाकिस्तान में सत्तारूढ़ लोगों को बुरे सपने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधा और कहा कि हवाई हमलों के बाद पूरी दुनिया भारत के साथ खड़ी थी, लेकिन स्थानीय दोनों पार्टियां दुखी थीं। स्पष्ट रूप से उनका इशारा डॉ. फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती परिवार के लिए था। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि आप अपना पहला वोट उन बहादुर जवानों को समर्पित कर सकते हैं, जिन्होंने देश के लिए जान गंवा दी। आप गरीबों को घर दिलाने के लिए, गरीबों को मुफ्त इलाज दिलाने के लिए, खेतों में पानी पहुंचाने के लिए वोट दे सकते हैं, तो उनका आशय साफ था कि शहादत पाए सैनिकों के लिए क्यों नहीं? भाजपा समर्थकों के साथ चल रहे ह्यबजरंग दलह्न विवाद के बीच बेंगलुरु में गुरुवार, 4 मई, 2023 को एक मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करती हुईं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और अन्य लोग। उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव में लोगों को केवल सांसद या प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि मजबूत भारत के लिए मजबूत सरकार चुननी है। देश के फायदे के लिए केवल मजबूत सरकार कड़े फैसले ले सकती है। मोदी ने कहा था कि पांच वर्ष पहले ऐसा वक्त था, जब पाकिस्तान के आतंकी हम पर हमला करते थे और पाकिस्तान हमें धमकता था। हमारे बहादुर जवान कार्रवाई के लिए अनुमति मांगते थे, लेकिन सरकार तब डरी रहती थी।

# संवैधानिक मूल्यों को समृद्ध करेगा नया संसद भवन



लेखक
**प्रो. संजय द्विवेदी**

संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थान भी होगा। लेकिन आम नागरिकों के लिए जरूरी है कि वह लोकतंत्र में संसद की क्या भूमिका है, इसको भी समझें। दुनिया में 13वीं शताब्दी में रचित मैग्ना कार्टा की बहुत चर्चा होती है। कुछ विद्वान इसे लोकतंत्र की बुनियाद भी कहते हैं। लेकिन बहुत कम लोग यह बात जानते हैं कि मैग्ना कार्टा से भी पहले 12वीं शताब्दी में ही भारत में भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंटपम अस्तित्व में आ चुका था। अनुभव मंटपम के रूप में उन्होंने लोक संसद का न सिर्फ निर्माण किया था, बल्कि उसका संचालन भी सुनिश्चित किया था। भगवान बसवेश्वर जी ने कहा था - ह्यायी अनुभवा मंटप जन सभा, नादिना मद्बु राष्ट्रधा उन्नतिगे हागू, अभिवृध्दिगे पूरकावगी केलसा मादुत्थादे! यानी ये अनुभव मंटपम, एक ऐसी जनसभा है, जो राज्य और राष्ट्र के हित में और उनकी उन्नति के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। भारत में संसद को लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है। लोकतंत्र में संसद का वही स्थान है, जो भारतीय संस्कृति में भगवान का है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने इसलिए कहा भी था कि लोकतंत्र में प्रत्येक विचार का केंद्र बिंदु संसद ही है और राष्ट्र निर्माण में उसकी अहम भूमिका है। लोकसभा तथा राज्यसभा, दोनों सदनों ने 5 अगस्त, 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के नए भवन का शिलान्यास किया था। संसद के नवनिर्मित भवन को गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। चारमंजिला संसद भवन में 1272 सांसदों के बैठने की व्यवस्था की गई है। संसद के वर्तमान भवन में लोकसभा में 550, जबकि राज्यसभा में 250 माननीय सदस्यों की बैठक की व्यवस्था है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए संसद के नवनिर्मित भवन में लोकसभा में 888, जबकि राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था की गई है। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा चैंबर में ही होगा। संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थान भी होगा। लेकिन आम नागरिकों के लिए जरूरी है कि वह लोकतंत्र में संसद की क्या भूमिका है, इसको भी समझें।



दुनिया में 13वीं शताब्दी में रचित मैग्ना कार्टा की बहुत चर्चा होती है। कुछ विद्वान इसे लोकतंत्र की बुनियाद भी कहते हैं। लेकिन बहुत कम लोग यह बात जानते हैं कि मैग्ना कार्टा से भी पहले 12वीं शताब्दी में ही भारत में भगवान बसवेश्वर का अनुभव मंटपम अस्तित्व में आ चुका था। अनुभव मंटपम के रूप में उन्होंने लोक संसद का न सिर्फ निर्माण किया था, बल्कि उसका संचालन भी सुनिश्चित किया था। भगवान बसवेश्वर जी ने कहा था - ह्यायी अनुभवा मंटप जन सभा, नादिना मद्बु राष्ट्रधा उन्नतिगे हागू, अभिवृध्दिगे पूरकावगी केलसा मादुत्थादे! यानी ये अनुभव मंटपम, एक ऐसी जनसभा है, जो राज्य और राष्ट्र के हित में और उनकी उन्नति के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करती है। मुझे लगता है कि अनुभव मंटपम, लोकतंत्र का ही एक स्वरूप था। इसी तरह तमिलनाडु में चेन्नई से 80 किलोमीटर दूर उत्तरामेरुर नाम के गांव में एक बहुत ही ऐतिहासिक साक्ष्य दिखाई देता है। इस गांव में चोल साम्राज्य के दौरान 10वीं शताब्दी में पत्थरों पर तमिल में लिखी गई पंचायत व्यवस्था का वर्णन है। इसमें बताया गया है कि कैसे हर गांव को कुडुंबु में बांटा जाता था, जिन्हें हम आज वार्ड कहते हैं। इन कुडुंबुओं से एक-एक प्रतिनिधि महासभा में भेजा जाता था और वैसा आज भी होता है। इस गांव में हजार वर्ष पूर्व जो महासभा लगती थी, वो आज भी वहां मौजूद है। एक हजार वर्ष पूर्व बनी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक और बात बहुत महत्वपूर्ण थी। पत्थर पर लिखा हुआ है कि जनप्रतिनिधि को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने का भी प्रावधान था। जो जनप्रतिनिधि अपनी संपत्ति का ब्योरा नहीं देगा, वो और उसके करीबी रिश्तेदार चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। आप सोचिए कितने सालों पहले, कितनी बारीकी से उस समय हर पहलू के बारे में सोचा गया था, समझा गया था और अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं का हिस्सा बनाया गया था। लोकतंत्र का हमारा ये इतिहास देश के हर कोने में नजर आता है।

कुछ पुरातन शब्दों से तो हम बराबर परिचित हैं, जैसे सभा, समिति, गणपति, गणाधिपति। ये शब्दावली हमारे मन मस्तिष्क में सदियों से प्रवाहित है। सदियों पहले शाक्या, मल्लम और वेज्जी जैसे गणतंत्र हों, मल्लक मरक और कम्बोज जैसे गणराज्य हों या फिर मौर्य काल में कलिंग, सभी ने लोकतंत्र को ही शासन का आधार बनाया था। हजारों साल पहले रचित हमारे ऋग्वेद में लोकतंत्र के विचार को समज्ञान यानी समूह चेतना के रूप में देखा गया था। संसदीय व्यवस्था में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सतत संवाद, सहमति, सहयोग, सहकार, स्वीकार और सम्मान का भाव प्रबल होना ही चाहिए। यही लोकतंत्र की विशेषता है। इसी में संसदीय परंपरा की महिमा और गरिमा है। संभव है, इसे कुछ लोग कोरी राजनीति कहकर विशेष महत्व न दें, बल्कि सीधे खारिज कर दें, परंतु मूल्यों के अवमूल्यन के इस दौर में ऐसी राजनीति की महती आवश्यकता है। ऐसी राजनीति ही राष्ट्र-नीति बनने की संभावना रखती है। ऐसी राजनीति से ही देश एवं व्यवस्था का सुचारू संचालन संभव होगा। केवल विरोध के लिए विरोध की राजनीति से देश को कुछ भी हासिल नहीं होगा। विपक्ष को साथ लेना यदि सत्तापक्ष की जिम्मेदारी है, तो विपक्ष की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर सरकार का साथ दे, सहयोग करे, जनभावनाओं की मुखर अभिव्यक्ति के साथ-साथ विधायी एवं संसदीय प्रक्रिया एवं कामकाज को गति प्रदान करे। लोकतंत्र में सरकार न्यासी और विपक्ष प्रहरी की भूमिका निभाए। भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी सफल बहुदलीय संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली है। एक सजीव, गतिशील और बहुदलीय प्रणाली में ऐसे अवसर हो सकते हैं जब विभिन्न संस्थाएं एक विशेष तरीके से काम करें, किंतु हमारे पास व्यवस्था में किसी भी मनमुटाव को दूर करने और किसी भी संकट से बचने की क्षमता है। आप देखिए कि भारत की संसद अपनी प्रकृति और परंपरा में औरों से बिल्कुल अलग है। यहां प्रीति और कलह साथ-साथ चलते हैं। भारत की रीति-नीति-प्रकृति से अनजान व्यक्ति को संसद में होने वाली गर्मागर्म बहसों को देखकर अचानक लड़ाई-झगड़े का भ्रम हो उठेगा, परंतु ये चचाएं हमारे विचार विनिमय के जीवंत प्रमाण हैं। यहां मतभेद तो हो सकते हैं, पर मनभेद की स्थायी गांठ को कोई नहीं पालना चाहता और मतभेद चाहे विरोध के स्तर तक क्यों न चले जाएं, परंतु विशेष अवसरों पर साथ निभाना और सहयोग देना हमें बखूबी आता है। यही वह संसद है, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी, ज्योतिर्मय बसु, मधु लिमये, पीलू मोदी, जगजीवन राम, चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, जॉर्ज फर्नांडीज, हेमवती नंदन बहुगुणा, नरसिंह राव, प्रणब मुखर्जी, सुषमा स्वराज जैसे दिग्गज सांसदों ने पक्ष-विपक्ष में रहकर आदर्श लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत किया और नैतिक मूल्यों और संस्कारों की रक्षा की। मान-मयार्दा हमारी परंपरा का सबसे मान्य, परिचित और प्रचलित शब्द है। हम अपने-पराए सभी को मुक्त कंठ से गले लगाते हैं, भिन्न विचारों का केवल सम्मान ही नहीं करते, अपितु एक ही परिवार में रहते हुए भिन्न-भिन्न विचारों को जीते-समझते हैं और विरोध की रौ में बहकर कभी लोक-मयार्दाओं को नहीं तोड़ते। यही भारत की संसद की रीति है, नीति है, प्रकृति है और संस्कृति है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि संसद का नवनिर्मित भवन भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों को और अधिक समृद्ध करने का कार्य करेगा। साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में सदस्यों को अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से करने में भी सहायता मिलेगी।

**(लेखक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक हैं।)**

# मोदी बने जी-20 और जी-7 सहयोग के सूत्रधार



लेखक
**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। वैश्विक सम्मेलन में सर्वाधिक आकर्षण मोदी के प्रति होता है। ऐसा जापान के हिरोशिमा में भी हुआ। भारत जी-20 का अध्यक्ष है। मोदी दोनों संगठनों के बीच सहयोग के सूत्रधार बने हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 और जी-7 के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक बनाया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में खाद्य, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का आह्वान किया है। सुझाव दिया कि वैश्विक नेताओं को ऐसी समावेशी खाद्य प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे गरीब किसानों सहित सबसे कमजोर लोगों की रक्षा की जा सके। पोषण और पर्यावरण के हित में मोटे अनाज के उपयोग होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। विकासशील देशों की जरूरतों से प्रेरित विकास मॉडल होना चाहिए। परस्पर सहयोग से स्वास्थ्य सेवा,आरोग्य तथा खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। बड़ी बात यह है कि भारत जी-7 समूह का हिस्सा नहीं है। फिर भी भारत को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी लगातार चौथी बार जी-7 में शामिल हुए। जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है। इसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं, जी-7 समूह की स्थापना 1973 में की गई थी। इसका किसी भी देश में मुख्यालय नहीं है। यह ग्रुप मानवीय मूल्यों की रक्षा, लोकतंत्र की रक्षा, मानवाधिकारों की रक्षा, अंतरराष्ट्रीय शांति का समर्थक, समृद्धि और सतत विकास के सिद्धांत पर चलता है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 को नई दिशा मिल रही है। जी-7 के सदस्य भी भारत की इस भूमिका से प्रभावित है। नरेन्द्र मोदी की क्षमताओं का वह लाभ उठाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी पर दुनिया को विश्वास है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना है। विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है। नरेन्द्र मोदी ने इसी चिंतन का उद्घोष जी-20 में भी किया है। अन्य देशों की सभ्यताओं के लिए यह विचार दुर्लभ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति वैश्विक दृष्टि में परिवर्तन आ चुका है। आज भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए धीरे-धीरे यह समझ में आ रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से किया जा सकता है। विश्व गुरु भारत ने सम्पूर्ण मानवता के लिए वसुधैव कुटुम्बकम का विचार दिया था। किसी अन्य सभ्यता संस्कृति के लिए यह दुर्लभ चिंतन था। इसमें सभ्यताओं के बीच संघर्ष की कोई संभावना नहीं थी। लेकिन कालान्तर में ऐसे संघर्ष का दौर भी चला। दुनिया में शांति और सौहार्द की अभिलाषा रखने वालों को भारतीय विरासत में ही समाधान दिखाई दे रहा है। अन्य कोई विकल्प है भी नही यह विषय दुनिया को युद्ध



तैयार है। जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद और वैश्विक निर्धनता के विभिन्न पक्षों पर मोदी के सुझाव समाधान करने वाले हैं। ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम भारतीय दर्शन एवं भारतीय जीवन दृष्टि का प्राण तत्व है। भारतीय दृष्टि धरित्री को भूगोल मानने तक सीमित नहीं है। अपितु यह इसे मां के सदृश मानती है।इसी दृष्टि से भारत की जी-20 की अध्यक्षता को लिया गया। पूर्व में आर्थिक रूप से संपन्न रहे भारत की तस्वीर को वापस लाना होगा। आज मानवता के कल्याण के लिए भारत के पास एक सशक्त नेतृत्व है जिसने नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र से लेकर आर्थिक विकास एवं सामरिक हितों को सशक्त किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपना विकास कर रहा, अपितु वसुधैव कुटुंबकम की भावना के अनुरूप संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानते हुए सबके साथ सहयोग-भाव लेकर भी चल रहा है। किसी वैश्विक संगठन ने पहली बार भारतीय सूक्ति को अपना ध्येय वाक्य बनाया है। वस्तुतः यह भारतीय चिंतन के बढ़ते प्रभाव और लोकधर्म की प्रतिध्वनि है। इसे विश्व सहजता से स्वीकार कर रहा है। लोगों को मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुनः प्रतिष्ठित किया है। उस समय अपने को विकसित समझने वाले देश भी लाचार हो गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु बहुत उपयोगी है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऐसे मानवीय तथ्यों को दुनिया में स्थापित कर रहा है। विगत नौ वर्षों के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। जी-20 में भी भारत के विचारों को बहुत महत्व मिलने लगा है। कुछ वर्ष पहले तक यह कल्पना भी मुश्किल थी कि भारत इस संगठन का अध्यक्ष बनेगा। आज यह सहज रूप में सम्भव हुआ है। नरेन्द्र मोदी ने इसे भारत के लिए एक बड़ा अवसर माना है। इसके माध्यम से वह विश्व कल्याण के तथ्यों लोगों को अवगत करा रहे हैं।

# ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू विमान



लेखक
**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारतीय वायुसेना ने अपने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास आठ मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई थी। वायुसेना ने इनकी उड़ान को तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि इस हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती। अब तो लोग इन्हें मौत के उड़ते ताबूत तक कहने लगे हैं। कुछ लोग इनको फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर पुकारने लगे हैं। इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 साल में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इनमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायुसेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। इन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से हटाया जाएगा। मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेन में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 क्रैश हो गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई है। मिग-21 बाइसन फाइटर जेट अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता है। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है। मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायुसेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायुसेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और



अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायुसेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायुसेना को मिग 21 विमानों को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। देरी का मुख्य कारण वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग 21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है। जुलाई 2022 में भारतीय वायुसेना ने शेष सभी मिग -21 लड़ाकू स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए तीन साल की कार्य योजना तैयार की थी। इसमें से एक स्क्वाड्रन सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाली है। एक समय मिग-21 विमान अपने सभी संस्करणों के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े की रीढ़ बना था। वहीं, वायुसेना में दुर्घटनाओं की संख्या भी मिग 21 विमानों में सबसे अधिक थी। भारतीय वायुसेना मिग-21 लड़ाकू विमानों को मजबूरी में उड़ा रही थी। भारतीय वायुसेना को पाकिस्तान व चीन से दो मोर्चों पर सामना करने के लिए लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है। मगर भारत के पास अभी 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। इनमें भी तीन स्क्वाड्रन मिग-21 के शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कमी का मुख्य कारण लंबे समय से लड़ाकू विमानों की खरीद नहीं करना है। 2016 में फ्रांस से दो स्क्वाड्रन विमानों की खरीद की गई थी। भारत में निर्मित स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की 83 यूनिट खरीदने के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को आर्डर दिए गए हैं। इनकी आपूर्ति में अभी समय लगेगा। ऐसे में वायुसेना को तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ाकू विमानों की जरूरत है। भारत ने 114 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए वैश्विक स्तर पर बोली आमंत्रित की है। इन मल्टीरोल लड़ाकू विमानों की खरीद पर भारत सरकार करीबन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। अमेरिकी, फ्रांसीसी और स्वीडिश विमान निमार्ता कंपनियां इस सौदे को हासिल करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। अगले साल से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस वायुसेना को मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके बाद उम्मीद है कि आने वाले चार-पांच वर्षों में भारतीय वायुसेना के पास 40 से अधिक स्क्वाड्रन हो जाएगी।

## भाजपा वृहद जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न

# ऐसा कोई नही जिसे केंद्र या राज्य सरकार की योजना का लाभ न मिला : विक्रम वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री






फतवा समाचार ◈धार

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष को पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक भाजपा संगठन द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम जिला, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। भाजपा सह जिला मिडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया की 30 मई से चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा वृहद जिला कार्यसमिति की बैठक जेएमडी पैलेस गार्डन त्रिमूर्ति में संपन्न हुई। अतिथियों ने बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ की गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनोज सोमानी, भाजपा जिला प्रभारी एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री श्याम बंसल, सांसद छतर सिंह दरबार, कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाव, राज्य मंत्री दर्जा राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल , पूर्व विधायक करण सिंह पंवार, वेलसिंह भूरिया, खेमराज पाटीदार, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पिछला वर्ग मोर्चा प्रभु राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, अनंत कुमार अग्रवाल, मोहन भायल, जिला महामंत्री सन्नी रिन, जयराम गावर मंच पर विराजित थे । बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा की आने वाले समय में विधानसभा चुनाव हे और उसके बाद लोकसभा चुनाव हे इन चुनाओ में भाजपा को 51 प्रतिशत वोट मिले इस दिशा में हमे मिल कर पार्टी का काम करना है। इसी के साथ आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

इसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रभारी एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री श्याम बंसल ने कहा कि आज विश्व हमारे देश के प्रधानमंत्री की ओर देख रहा है हमारी विचारधारा और संस्कृति को लेकर जो काम हो रहे हैं वह सब हमारी विचारधारा की भाजपा सरकार कर रही हैं चाहे काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर हो या उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हो हमारी सरकार ने किया है । 30 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हे। उन्होंने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याण योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाएं।

बैठक में धार-महू लोकसभा सांसद छतर सिंह दरबार ने कहा की यह बैठक कोई सामान्य बैठक नही है यहां बैठे कार्यकर्ता हमारी पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता हे और ऐसे कार्यकर्ताओ की यह एक प्रमुख बैठक हे मोदी जी की सरकार को 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं और यह गर्व का विषय है की हमारी विचारधारा की सरकार आज केंद्र में हे आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सुरक्षित हातो में हे कांग्रेस के पास झूठ बोलने के सिवाय कोई नीति नहीं है और झूठ की राजनीति करती है। उन्होंने कहा की आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन हो रहा है इसके पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व है। आज दूसरे देशों के मंच पर भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान किया जा रहा है। वहा के प्रधानमंत्री प्रोटोकाल तोड़कर मोदी जी की अगवानी में खड़े रहते है। देश के लिए यह बड़े गौरव की बात है।

वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने बैठक में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में हम 2.50 वोटो से पीछे थे पर हम उसके बाद लोकसभा में जीते हैं हम केवल अपने शक्ति केंद्र और बूथ को जिताने की बात करे तो हम विधानसभा भी जीतेंगे और लोकसभा भी जीतेंगे आज ऐसा कोई मतदाता नही है जिसे केंद्र की योजना या राज्य सरकार की किसी योजना का लाभार्थी नही हो बस उसे याद दिलाने की आवश्यकता है की वह जिस योजना का लाभ ले रहा है वह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की या राज्य की शिवराज सिंह चौहान सरकार की योजना है जिसका वह लाभ ले रहा है जब उसको बताए तो वह भाजपा को ही वोट देगा झूठे वादे करने वाली कांग्रेस को नही देगा । और केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश का आम नागरिक लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा की 15 माह की कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर चुके कमलनाथ ने अपने चुनावी घोषणापत्र का एक भी वादा जनता के साथ पूरा नहीं किया। उसके बाद बने हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की महिलाओं के लिए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्तिकरण की मजबूती के लिए लाडली बहना योजना को प्रारंभ किया है। हमारी सरकार महिला, किसान, युवा, एवं आम जन हितेषी सरकार है जो सब के विकास के लिए सोचती है। उन्होंने सभी कार्यकताओं को आव्हान किया के मिशन 2023 विधानसभा चुनाव का समय मोड़ पर खड़ा है हम सब कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने बूथ को मजबूती देते हुए भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने के लिए जनता के बीच पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित करें और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर अपनी ताकत को मजबूती देते हुए भाजपा को मजबूत करें। और कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ जनता के सामने उजागर करें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, विकास मेहरवाल, जिला कोषाध्यक्ष विजय सिंह रघुवंशी, विधानसभा संयोजक मोहन सिंह चौहान, राजेंद्र गर्ग, राजू श्रीमाली ,चंचल पाटीदार, नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठोड़, नितेश अग्रवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जय सूर्या, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनमचंद फकीरा, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह मरती बैठक का संचालन विशेष जनसंपर्क अभियान जिला सह संयोजक और पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने किया और आभार जिला महामंत्री जयराम गावर ने माना। उक्त जानकारी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी ने दी।

## कृष्णा दूध डेयरी संचालक द्वारा संगठन के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी

राम सिंह यादव ◈ टीकमगढ़



जतारा नगर के बस स्टैंड में संचालित कृष्णा दूध डेयरी जहां पर दूध दही मिठाई लस्सी वगैरह की बिक्री की जाती है कल दिनांक 21 मई 2023 को रात्रि 8:00 बजे के लगभग अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जब कृष्णा दूध डेयरी पर पहुंचे और वहां पर उन्होंने दुकानदार से लस्सी की मांग की तो दुकानदार के द्वारा लस्सी दी गई जब दो घूट लस्सी पी गई तो वह लस्सी स्वादहीन एवं गुणवत्ताहीन पाई गई इस पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष के द्वारा दुकानदार जितेंद्र घोष को जब इस बात से अवगत कराया तो उसके द्वारा कहा गया ऐसा हो ही नहीं सकता हम दिन भर से लस्सी बेच रहे हैं आपको खराब लग रही है दूसरे ग्राहकों को तो खराब नहीं लगी मैंने कहा मुझे इस बात से कोई लेना देना नहीं है परंतु इसका स्वाद मुझे अच्छा नहीं लग रहा है और यह लस्सी अच्छी नहीं है पता नहीं उसका स्वाद कैसा लग रहा था जब दुकान संचालक जितेंद्र घोष के द्वारा इस बात को मानने से इनकार किया गया तो कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि इस बात की शिकायत हम अपने संगठन के माध्यम से अधिकारियों से करेंगे और उनको अवगत कराएंगे और इसकी जांच करने के लिए पत्र लिखेंगे इस पर दुकानदार और भड़क उठा और बोला कि तुमसे जो बने कर लेना तुम्हारे संगठन जैसे मैंने बहुत संगठन देखे हैं और संगठन के प्रति अभद्र टिप्पणी की इस बात से क्षुब्ध होकर कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा तुरंत खाद्य अधिकारी जैन साहब को अवगत कराया गया और तुरंत ही सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी इस बात की शिकायत दर्ज करवाई गई की कृष्णा दूध डेरी के संचालक द्वारा मुझे एवं हमारे संगठन के प्रति अभद एवं गलत टिप्पणी की गई है जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज करवाई गई है हमारे संगठन के जिलाध्यक्ष रामरतन दीक्षित एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह राय के द्वारा आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन से इस बात की मांग की हैं कि ऐसे लापरवाह मिष्ठान विक्रेता की दुकानों पर छापामार कार्यवाही की जानी चाहिए इसके पूर्व में भी नवरात्रि के समय फूड प्वाइजनिंग के कारण नगर के करीब 1 सैकड़ा लोग बीमार हुए थे जिनका जीवन खतरे में पड़ गया था नगर के लोगों ने भी इस बात की मांग की है कि ऐसे दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए और इनके सैंपल भरवाकर जांच करवाई जानी चाहिए साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जानी चाहिए जिससे आम जन जीवन खुशहाल रहे ।

## जनसेवा अभियान में लापरवाही बरतने पर 2 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

फतवा समाचार ◈सिवनी

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण के जिले में बेहतर क्रियांवयन करते हुए अधिसूचित सेवाओं से शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु कलेक्टर श्री क्षिजित सिंघल द्वारा लगातार अभियान के क्रिंयावयन सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे ?शिविरों के औचक निरीक्षण तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा कर सतत रूप से आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। इस दौरान लापरवाही बरतनेवालेअधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में 19 मई को कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा किए गए शिविरों के औचक निरीक्षण में दो कर्मचारी क्रमशः जनशिक्षक मुकेश वासनिक शिविर स्थल ग्राम पंचायत बम्होडी खैरी तथा सहायक यंत्री राजाराम सनोड़िया ग्राम पंचायत खैरीटेक में आयोजित शिविर में अनुपस्थित पाए गए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कारण बताओं नोटिस का जवाब निर्धारित समय सीमा में न मिलने पर एवं जवाब समाधान कारक न होने पर दोनो कर्मचारियों के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।




## गौरव महोत्सव के तीसरे दिन कवि सम्मेलन हुआ:रात दो बजे तक श्रोताओं ने सुनी कविताएं

फतवा समाचार ◈बड़वानी



एसडीएम ने महोत्सव में शामिल होने की अपील की

गौरव महोत्सव के तीसरे दिवस एसबीएन कॉलेज में मंगलवार को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां हास्य और वीर रस के कवियों और कवित्रियों ने रात 2 बजे तक समा बांधा। कवि सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, कलेक्टर, एसपी, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। 20 से 25 मई तक बड़वानी जिले के स्थापना दिवस को बड़वानी गौरव महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गौरव महोत्सव में पण्डित अशोक नागर, हिमांशु हिन्द, विष्णु विश्वास, सुनिल समैया, कुलदीप रंगीला, साबिहा असर, सुमित्रा सरल के द्वारा कवि सम्मेलन में प्रस्तुति दी गई।

रात्रि 7 बजे लोक संस्कृति गायक आनंदीलाल भावेल व अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत संगीत व लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। अगले दिन गुरुवार को सायं 7 बजे प्रसिद्ध गायिका गीता बेन रबारी एवं अर्पित पंवार द्वारा सुरमयी भजनो का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिन खाना खजाना व स्टॉल प्रतिदिन लगेंगे। जहां पर व्यंजनों का मजा लिया जा सकता है। एसडीएम बड़वानी घनश्याम धनगर ने नागरिकों से अपील कि है कि वे प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता कर अपने नगर के गौरव को बढ़ाये।

### 31 मई को कोतवाली परिसर में लगेगा भर्ती शिविर

**धार ।** जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एसआईएस के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती कैंप आयोजित किए जा रहे है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा 24 मई को धरमपुरी, 25 को गंधवानी, 26 को डही, 27 को मनावर, 28 को सरदारपुर, 29 को नालछा, 30 को बदनावर तथा 31 मई को धार कोतवाली परिसर में भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10.30 बजे से लगेगा। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर 90798-50906 व वेबसाइट www.ssciin-dia.com से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री जी का लाईव कार्यक्रम नगरपालिका के मानस भवन संपन्न हुआ

फतवा समाचार ◈सिवनी



आज मध्यप्रदेश शासन के निदेशों के परिपालन में 11 बजे नगर पालिका सिवनी के मानस भवन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मान शिवराज सिंह चौहान जी लाईव कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें मान मुख्यमंत्री द्वारा नगरीय क्षेत्र की अनाधिकृत कालोनियों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन एवं भवन निर्माण अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी] जिला कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल जी] नगरपालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान] सभापति श्रीमति आकांक्षा शीबू सेंगर] श्री राजिक अकील] श्री चंदन खताबिया] पार्षदगण श्री रविशंकर गुड्डा भांगरे] श्री जोऐब अनवर] श्रीमति रामकुमारी बरमैया] श्रीमति गोविंदी सैयाम] इशरत नब्बू खान सहित श्रीमति अनुसुईया अनिल पटवा, श्री मोंटू दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधीगण उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री निवास भोपाल से किया गया। जिसका सीधा प्रसारण सभी अतिथियों व उपस्थितों द्वारा देखा व सुना गया। स्थानीय कार्यक्रम के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया जाकर नमन किया गया। इसके पश्चात नगर पालिका अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।



## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना:कलेक्टर बोले- ऑनलाइन आपत्तियों का निराकरण 31 मई तक किया जाए

फतवा समाचार ◈बड़वानी

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 10 जून से महिलाओं के खातों में राशि मिलना प्रारंभ हो जाएगी। योजना के तहत ऑनलाइन आपत्तियां दर्ज की गई हैं, इन आपत्तियों का निराकरण 31 मई तक किया जाए। आपत्ति का गत निराकरण किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए। निराकरण के पूर्व आपत्ति की पूरी जांच की जाए। अगर पात्र होने के बाद भी महिला को योजना का लाभ नहीं मिला तो संबंधित अधिकारी से ही राशि की वसूली की जाएगी। कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने उक्त बातें मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कही। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 30000 महिलाओं के बैंक खातों में आधार अपडेशन व डीबीटी इनेबल नहीं है। अतः महिला एवं बाल विकास के पदाधिकारी इसकी ग्रामवार एवं महिला के नामवार सूची आंगनवाड़ी कार्यकताओं को दें, जिससे कि आधार अपडेशन व डीबीटी इनेबल का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकताएं ग्राम की महिलाओं से सम्पर्क करके पूर्ण करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, आगामी समय में होने वाले विधानसभा निर्वाचन के मददेनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## दबंग रेत माफियाओं ने आदिवासी किसानों को रात में दौड़ा दौड़ाकर पीटा



बाल किशन विश्वकर्मा ◈छतरपुर

प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि दबंग रेत माफिया रात में आदिवासी किसानों की कृषि भूमि खोदकर टेक्टरों में मिट्टी भर रहे थे आदिवासी किसानों के मना करने पर दबंग रेत माफियाओं ने आदिवासी महिला सहित पाँच आदिवासी किसानों को रात में दौड़ा दौड़ाकर तब तक पीटा जब तक बेंट नही टूटे । घटना रात तीन बजे इमलहा हार थाना क्षेत्र बमीठा की पुलिस ने आदिवासियों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया ।

## थाना डही के ग्राम पिपलुद में जमीन को लेकर पुत्र द्वारा पिता की फावड़े से कर दी हत्या

### पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी को किया गिरफ्तार

फतवा समाचार ◈धार

फरियादिया कलाबाई ने थाने आकर सूचना दी कि शाम करीब 5:30 बजे वह अपने घर के ओटले पर बैठी थी पास में ही उसका दादा बठा पिता कोटवाल भिलाला उम्र 65 साल पलंग पर लेटे थे तभी पास में रहने वाला बठा का पुत्र डोंगर सिंह हाथ में फावड़ा लेकर आया और पिता बठा को बोला कि मैं कब से जमीन का हिस्सा मांग रहा हूं लेकिन तू दे नहीं रहा है और हाथ में लिए फावड़े से बठा के माथे, मुंह पर तीन प्राणघातक वार किए जिससे मौके पर ही बठा की मृत्यु हो गई आरोपी डोंगर सिंह फावड़ा लेकर मौके से भाग गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर से आरोपी डोंगर सिंह के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह साहब के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पाटीदार, एसडीओपी श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई पुलिस द्वारा चंद घंटों में आरोपी डोंगरसिह उम्र 39 वर्ष को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा जप्त कर लिया गया। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी डही प्रकाश सरोदे, प्रधान आरक्षक राकेश डावर, आरक्षक लक्ष्मण, आरक्षक संजय की विशेष भूमिका रही।



# 640 मरीजों का परीक्षण, 578 दिव्यांग मिले पात्र, 62 अपात्र

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित हुआ दो दिन दिव्यांग शिविर

दुलीचंद मार्को ◈ मंडला/जबलपुर

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के तहत जिले के सभी विकासखंडों में दिव्यांगजनों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 एवं 23 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जांच उपरांत पात्र पाए गए 578 दिव्यांगजनों को प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 640 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया, जिसमें 578 स्वीकृत और 62 अपात्र हुए। आयोजित दिव्यांग शिविर में कुल 578 दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आयोजित दिव्यांग जांच शिविर में अस्थि रोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग, नाक, कान, गला रोग के मरीजों का जांच परीक्षण कर पात्र मरीजों के प्रमाण पत्र बनाए गए। इस दौरान तहसीलदार नारायणगंज राकेश खम्परिया, प्रभारी सीईओ नारायणगंज उमेश सिंगरौरे, सीबीएमओ डॉ. एएल कोल, जिला चिकित्सालय से डॉ. सूरज मरावी अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ मुकेश मरावी अस्थी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सोनाली जायसवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ



जिला चिकित्सालय मंडला, डॉ. श्रृद्धा तिवारी मानसिक रोग विशेषज्ञ सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज जबलपुर, डॉ. लक्ष्मी ईएनटी जबलपुर, वीरेन्द्र पाटिल आडियोलॉजिस्ट, कैम्प कोआडिनेटर राम मिश्रा, जुगल चंद्रौल, नेत्र सहायक संजय भोयर, मेडिकल रोग सहायक राम नरेश शुक्ला मेडिकल रोग सहयोगी समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज का स्टाफ का सहयोग रहा।

# यूपीएससी में 15 वीं रैंक पाने वाली स्वाति शर्मा के पिता बोले -बेटी के नाम से मिली नई पहचान

फतवा समाचार ◈ जबलपुर

पहले बेटी को पिता के नाम से पहचाना जाता था,अब पिता की पहचान बेटी से नाम से होगी। अब तो उस दिन का इंताजर है,जब लोग कहेंगे कि ये देखो आइएएस स्वाति के पापा हैं। हम अपनी बेटी पर जितना गर्व करें,उतना कम है। बेटी स्वाति? का यूपीएससी का परिणााम देखकर पिता की आंखें खुशी से भर गईं। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा 2022 परीक्षा के परिणाम जारी किए। प्रारंभिक परीक्षा 5 जून 2022 को आयोजित की गई थी और परीक्षा के परिणाम 22 जून को जारी किए गए थे। वहीं, मुख्य परीक्षा 16 से 25 सितंबर तक आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा के परिणाम 6 दिसंबर को घोषित किए गए थे। यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा के फाइनल रिजल्ट में कुल 933 उम्मीदवार नियुक्ति के लिए चयनित किए गए हैं। यूपीएससी रिजल्ट में शहर की स्वाति? शर्मा ने 15 वीं रैंक, जतिन जैन ने 91 वीं रैंक और सृष्टि जैन ने 165 वीं रैंक हासिल की है। धनवंतरी नगर निवासी स्वाति? शर्मा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। शैक्षणिक, सामाजिक सांस्कृतिक और खेलकूद की प्रत्येक गतिविधियों में भाग लेती रहीं। स्वाति? ने बताया कि शुरू से ही लक्ष्य था कि आल इंडिया सर्विस में पद प्राप्त करूं। रायल सीनियर सेकेंडरी स्कूल संजीवनी नगर से 12वीं तक की पढ़ाई करने के बाद हितकारिणी कालेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उसके बाद आइएएस को ही प्राथमिकता देते हुए दिल्ली में यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों में जुट गई। पहले भी दो बार अटेम्ट कर चुकी हूं। लेकिन असफलता मिली। लेकिन तीसरी बार फिर से परीक्षा की तैयारी की। पहली बार में प्रीलियम्स, दूसरी बार साक्षात्कार चूकने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और पुनः तैयारियों में जुट गई। इसी का परिणाम रहा कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सर्विस एग्जाम 2022 के घोषित परिणाम में को आल इंडिया लेवल पर 15 वीं रैंक प्राप्त हुई।



# अव्यवस्थाओं के बीच जारी है नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

- इंदक्सन ट्रेनिंग हेतु आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा प्रथक से बजट की व्यवस्था
- मीनू के अनुसार नहीं मिल रहा भोजन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव शिक्षकों की शिकायत



दुर्गेश वर्मन ◈ डिंडौरी

अभी हाल ही में जिले के सातों विकास खंडों के लिए प्राथमिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति शासन के द्वारा की गई है जिनका प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के बालिका परिसर में संचालित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 22 मई से 16 जून तक 4 चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, अव्यवस्थाओं के बीच जारी है। प्रशिक्षण 22 मई से 26 मई तक होना है जिसमें 267 नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ है। जिसने पूरी तरह से अव्यवस्थाएं हावी हैं। 22 मई से प्रारंभ हुए प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षण में नवनियुक्त शिक्षक आवास व भोजन की व्यवस्था को लेकर परेशान होते देखे गए। बताया जाता है कि 22 मई से प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया किंतु 22 मई को किसी भी प्रकार के चाय, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था जिला अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थल में नहीं की गई। इतना ही नहीं प्रशिक्षण प्राप्त करने आई महिला शिक्षकों ने बताया कि उन्हें देर शाम तक वहां पर रुकने की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। काफी मिन्नतें करने के बाद हॉस्टल के कमरों में उन्हें जगह दी गई। 23 मई को भी प्रातः कालीन चाय और नाश्ते की कोई व्यवस्था जिम्मेदारों के द्वारा नहीं की गई। दोपहर के भोजन में केवल दाल चावल ही प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। इसके अलावा दाल चावल की व्यवस्था में भी प्रशिक्षणार्थियों ने शिकायत करते हुए कहा कि बहुत सारे लोग हैं जिनको अभी भी भोजन प्राप्त नहीं हो सका है। भोजन की व्यवस्था हॉस्टल अधीक्षक द्वारा की जा रही है उन्होने बताया कि अभी उन्हें कोई अलग से आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। जो व्यवस्था उपलब्ध है उसे ही दिया जा रहा है।

**शहर से 5 किलोमीटर दूर नहीं है कोई और व्यवस्था :** प्रशिक्षण लेने बाहर से आए नव नियुक्त शिक्षकों के लिए बड़ी समस्या यह है कि यदि विभाग खाने पीने की व्यवस्था नहीं करता है तो वे खुद डिंडोरी आकर कैसे अपनी व्यवस्था करे? प्रशिक्षण केन्द्र के आसपास दूर तक कोई भी व्यवस्था नहीं है जिसके चलते महिला शिक्षकों के लिए बड़ा संकट है। इस क्षेत्र तक आटो और टैक्सी भी आसानी से उपलब्ध नहीं है। किन्तु शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर नहीं है। जबकि आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार विभाग के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और औचक निरीक्षण करना है किन्तु पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दो दिन तक तो कोई भी अधिकारी निरीक्षण करने नहीं पहुंचे, मॉनिटरिंग की स्थिति यह है कि पहले दिन शिक्षकों ने भूखे ही प्रशिक्षण लिया और दूसरे दिन दाल भात के लिए मारामारी करते दिखाई दिए। प्रशिक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं के लिए निर्धारित बजट प्रदान किए जाने का उल्लेख भी विभाग द्वारा जारी पत्र में है किन्तु प्रशिक्षण के दौरान नव नियुक्त शिक्षक हॉस्टल में उपलब्ध खाना खाने मजबूर है। विभाग द्वारा प्रशिक्षण हेतु जारी आबंटन का क्या होगा इस पर सवाल खड़े होते है?

### नोडल अधिकारी ने स्वीकारा कि कुछ अवस्थाएं हैं

२२ से २६ मई के बीच नव शिक्षकों का प्रषिक्षण जारी है। जिसके प्रशिक्षण की जिम्मेदारी नोडल अधिकारी नीतू सिंह रघुवंशी को सौंपी गई है। उन्होंने प्रथम दौर के इन २ दिनों में व्यवस्थाएं में कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि है कुछ अवस्थाएं हैं किंतु शीघ्र ही उन्हें व्यवस्थित कर लिया जाएगा। व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की भी बात कही पर कब तक और कितनी दुरुस्त हो पाएगी व्यवस्थाएं यह स्पष्ट नहीं है।

# महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री का गुरुवार को कल्याण केंद आगमन

**डिंडोरी।** जिला अंतर्गत शहपुरा जनपद क्षेत्र के जनजाति कल्याण केन्द्र बरगांव में कल गुरुवार को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे,समिति द्वारा जानकारी देते हुए बतलाया गया कि आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे साथ ही इस दरमियान उनका संबोधन भी होगा,गौरतलब है कि कार्यक्रम को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगो की सहभागिता के लिए समिति के द्वारा गांव गांव हल्दी चावल दे ग्रामीणों को निमंत्रित किया जा रहा है।

# जनसेवा अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर फोकस करें : डॉ. सिडाना

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश



दुलीचंद मार्को ◈ मंडला/जबलपुर

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि #मुख्यमंत्रीजनसेवाअभियान के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों का अध्ययन करते हुए उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन का यह एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें लापरवाही पाए जाने पर हर स्तर पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में शिकायतों का निराकरण करें। जिन प्रकरणों का निराकरण वरिष्ठ कार्यालयों से होना है उनके लिए सतत संपर्क बनाएं, केवल पत्राचार तक सीमित न रहें। डॉ. सिडाना ने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए बिजली तथा पानी से संबंधित समस्याओं पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत प्राप्त आपत्तियों का निराकरण की कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए पात्र महिलाओं का 25 मई तक डीबीटी पूर्ण कराएं। छूटी महिलाओं से संपर्क करने के लिए महिला बाल विकास कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाएं। बैठक में कलेक्टर ने भूमि आवंटन, पेयजल समस्या, आदि उत्सव, स्वच्छता सर्वेक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, शासकीय संस्थाओं से अतिक्रमण हटाने आदि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### सम्मानित होंगे अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारी

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी आगामी एक सप्ताह पुरानी शिकायतों के निराकरण पर ध्यान दें। शिकायत की प्रकृति को समझकर जिम्मेदारीपूर्वक जवाब दर्ज कराएं। पिछले माह में किए गए निराकरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र तथा कमजोर प्रगति वाले अधिकारियों को अप्रसन्नता पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह सबसे अच्छा कार्य करने वाले एसडीएम, जनपद सीईओ तथा नगरपालिका सीएमओ को भी सम्मानित करें।

### स्वच्छ ऑफिस प्रतियोगिता के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय के सौन्दर्यीकरण तथा व्यवस्थाओं पर ध्यान दें। इस संबंध में उन्होंने स्वच्छ ऑफिस प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता के दौरान कार्यालय की बाहर एवं अंदर की दीवारें तथा व्यवस्थाओं के आधार पर मार्किंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऑफिस प्रतियोगिता के तहत समिति का गठन करें जो विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर पुरूस्कार हेतु कार्यालय का चयन करेगी।

# ग्रीष्म ऋतु में कटनी शहर को पेयजल संकट से मुक्ति दिलाने के प्रयासों को मिली सफलता

- विधायक श्री जायसवाल, महापौर, श्री टोपनानी की मौजूदगी में सरपंच इमलिया ने किया भूमि पूजन
- कलेक्टर श्री प्रसाद सहित प्रशासनिक अफसर रहे मौजूद
- मुख्यमंत्री श्री चौहान कर चुके हैं पेयजल कार्य योजना की सराहना

कमलेन्द्र पटेल ◈ कटनी

शहर को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या से मुक्ति दिलाने जिला प्रशासन का प्रयास फलीभूत होने जा रहा है। विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति सूरी, के.डी.ए. अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी की मौजूदगी में सरपंच इमलिया शकुन बाई आदिवासी ने दो करोड़ एक लाख रुपए की लागत से मोटर पंप स्थापित करने और पाइप लाइन बिछाने के कार्य का इमलिया में विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, इमलिया सरपंच शकुन बाई आदिवासी सहित गणमान्य जन मौजूद रहे। विदित हो कि इस कार्य के लिए मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड ने न्यूनतम निविदादाता ठेकेदार अंजन सेठी दुबे कालोनी कटनी को दो करोड़ एक लाख रुपए में कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की है। सुगम पेयजल आपूर्ति हेतु ठेकेदार द्वारा इमलिया खदान में 50 हॉर्स पावर के दो मोटर पंप स्थापित किये जायेंगे और विद्युतीकरण का भी कार्य संपादित किया जायेगा। इसके अलावा इमलिया खदान से ए सी सी मोड़ माधव नगर तक 4 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने का भी कार्य होगा।



**सी.एम. ने कलेक्टर को दी थी शाबाशी**

कटनी शहर को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट से निजात दिलाने कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तैयार कराई गई इस कार्य योजना की सराहना स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए कलेक्टर को शाबाशी भी दी थी। कलेक्टर द्वारा शासन स्तर पर निरंतर प्रयासों की वजह से इस कार्य में तेजी आई।

## 31 दिसम्बर 2022 तक की सभी अनाधिकृत कॉलोनिया वैध होगी

# विधायक एवं महापौर की उपस्थिति में नगरीय क्षेत्र की अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्य भवन अनुज्ञा शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न

कमलेन्द्र पटेल ◈ कटनी

विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नागरिकों के दर्द को समझा और 31 दिसंबर 2022 तक निर्मित सभी अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध करनें की महत्पूर्ण सौगात दी है। इस महत्पपूर्ण सौगात के मिलनें से अब अनाधिकृत कालोनियों मे अधो - संरचना से जुडी सभी व्यवस्थाएं की जा सकेंगी, ताकि यहां रहने वाले लोगों को भी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकें । उन्होनें कहा कि अब अगर अवैध कालोनी कटती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। अधिकारी इस पर पैनी नजर रखें। अवैध कॉलोनी बननी ही नहीं चाहिए। विधायक संदीप श्री जायसवाल ने यह बात मंगलवार को बस स्टेंण्ड स्थित नगरनिगम के ऑडिटोरियम में आयोजित अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण और भवन अनुज्ञा प्रदाय कार्यक्रम के दौरान कही। विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि पूर्व में भी वर्ष 2005 से 2009 तक के मेरे महापौर कार्यकाल के दौरान 45 अनाधिकृत कालोनियां स्वीकृत की गई थी। हमारा सौमाग्य है कि आज सभी के प्रयास से अवैध कॉलोनियों में विकास कार्य एवं भवन अनुज्ञा का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा किया गया। विधायक श्री जायसवाल ने इस दौरान विकास शुल्क के संबंध में शासन के आदेश प्राप्त होने पर पानी की निकासी हेतु सर्वप्रथम नालियों का निर्माण कराये जानें के साथ ही प्राथमिक स्तर पर सड़कों का दुरूस्तीकरण करानें की बात कही। नागरिकों को विद्युत स्थाई कनेक्शन प्रदाय किये जाने तथा विकास कार्यो की प्राथमिकता तय करने हेतु निगम के पार्षदों की बैठक आयोजित करने तथा शेष बची 15 अवैध कालोनियों के वैधीकरण हेतु शीध्र नियमानुसार कार्यवाही करनें की बात कही।




महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अनाधिकृत कालोनियों में विकास कार्यो के क्रियान्वयन एवं भवन निर्माण की अनुज्ञा प्रदान करनें की स्वीकृति को ऐतिहासिक कदम बताते हुए नगर विकास में चार चांद लगने की बात कही। महापौर श्रीमती सूरी ने कालोनियों के वैधीकरण हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से मिलनें एवं किये गए पत्राचारों के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद प्रेषित किया।

जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी ने कहा कि जनसेवक वह होता है जो हर वर्ग की चिंता करता है। प्रदेश सरकार हर वर्ग की चिंता करते हुए जनहित में कार्य कर रही है। श्री टंडन ने विधायक संदीप जायसवाल द्वारा महापौर कार्यकाल से वर्तमान समय तक अवैध कालोनियों के वैधीकरण हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सार्थक प्रयास कभी भी असफल नहीं होते, हमेशा उन्हे सफलता मिलती है। आपने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे है। कालोनियों के वैधीकरण होनें से नगर के प्रत्येक नागरिकों को बेहतर सुविधांए प्राप्त हो सकेंगी।

इसके पूर्व निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगर की 91 अनाधिकृत कालोनियों में से वैध की गई 76 कॉलोनियों के ले आउट एवं विकास अनुज्ञा के संबध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवललित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल से उद्बबोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से मुड़वारा विधायक श्री संदीप श्री प्रसाद जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी के विशिष्ट आतिथ्य एवं कालोनी संघ के रहवासियों, अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा एवं सुना गया।

### हितग्राहियों को किया गया स्वीकृत मानचित्र का वितरण

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा आवेदक योगेश मिश्रा, अनीता मिश्रा, तब्स्सुम खान, प्रकाश सौंधिया, राम नारायण चतुर्वेदी तुलसा देवी, अंकुश साहू, श्रीकांत चमड़िया सहित निर्मला सोनी को उनके स्वीकृत मानचित्रों की प्रति प्रदान की गई। आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे, उपायुक्त पवन अहिरवार स्थानीय जनप्रतिनिधि मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री शिब्बू साहू, बीना संजू बैनर्जी, पार्षद जयनारायण निषाद, राजेश भास्कर, ओम प्रकाश बल्ली सोनी, ओमी अहिरवार, सुखदेव चौधरी, सुरेंद्र गुप्ता सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, सुमित्रा रावत पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, रणवीर कर्ण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारी विभिन्न कालोनी संघों के रहवसियों की उपस्थिति रही।

# पशुओं के इलाज के लिए भी उपलब्ध रहेगी एंबुलेंस



फतवा समाचार ◈ रीवा

सांसद जनार्दन मिश्र एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से चलित पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिले के सभी जनपदों के लिए एक-एक पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध रहेंगे। जबकि रीवा और हनुमना में दो-दो पशु एंबुलेंस की उपलब्धता रहेगी। अब एंबुलेंस केवल इंसान के लिए ही नहीं बल्कि गौमाता और अन्य पशुओं के इलाज के लिए भी उपलब्ध होंगी। कलेक्ट्रेट में इस दौरान जिला पंचायत गौ संरक्षण समिति की अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी तिवारी, उप संचालक डॉ राजेश मिश्र सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सांसद एवं कलेक्टर ने पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया**

# विधानसभा अध्यक्ष ने देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

- सड़क, पुल-पुलियों व भवन के निर्माण कार्य त्वरित गति से पूर्ण कराएं : विधानसभा अध्यक्ष
- नलजल योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र में पानी की अनिवार्यतः उपलब्धतः सुनिश्चित कराएं झ विधानसभा अध्यक्ष

फतवा समाचार ◈ रीवा

विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने अपने रीवा जिले के प्रवास के दौरान देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क, पुल-पुलियों तथा भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण अंचल में पानी की उपलब्धता की भी समीक्षा की। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



स्थानीय राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में स्वीकृत निर्माण कार्यों को त्वरित गति से पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। सड़क निर्माण कार्य में यदि रूकावट आए तो संबंधित एसडीएम/तहसीलदार की उपस्थिति में सीमांकन कराते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा देवतालाब में 303 करोड़ रुपए की लागत से सड़क पुल-पुलियों के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। यह सभी कार्य सार्वजनिक हित के कार्य हैं अतः इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व रूकावट न हो। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में जहाँ बीच में बस्ती हो वहाँ पीसीसी का कार्य करें तथा वर्षा से पूर्व सभी कार्यों को ऐसी स्थिति तक ले जाएं ताकि बरसात में कार्य भी न रूके व लोगों को परेशानी भी न हो।

विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ सड़क निर्माण के नवीन कार्यों/मजबूतीकरण कार्यों तथा मंडी निधि से स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को वषार्काल से पूर्व प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। श्री गौतम ने कहा कि पुल-पुलियों का निर्माण वर्षा से पूर्व भूमि से स्ट्रक्चर ऊपर तक आ जाए ताकि वषार्काल में भी कार्य में रूकावट न आए। उन्होंने पाड़र से मऊगंज सड़के कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने तथा मनगवां फ्लाई ओवर का कार्य सितम्बर तक हर स्थिति में पूरा कर लेने के निर्देश दिए। श्री गौतम ने कहा कि आगामी 15 दिवस में पुनः समीक्षा होगी तथा दिए गए निदेर्शों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजनाओं के सुचारू संचालन न होने तथा गांवों में आधे-अंधूरे पाइपलाइन का कार्य छोड़ने तथा अधूरे कार्य कर छोड़ने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस गांव में नलजल योजना संचालित है वहाँ के कार्य पूरे करें। बैठक में कमिश्नर अनिल सुचारी ने निर्माण एजेंसी के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों की सतत मॉनीटरिंग करें। वषार्काल से पूर्व कार्य योजना बनाकर सभी कार्यों में प्रगति लाएं तथा नलजल योजनाओं के कार्य प्राथमिकता से पूरे करें तथा घर-घर जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण हों तथा पूर्ण नलजल योजनओं का भौतिक सत्यापन कराएं ताकि इन्हें संचालन हेतु हस्तांतरित किया जाए। बैठक में बताया गया कि जल निगम की स्वीकृत नवीन परियोजनाओं से देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के 519 ग्रामों में हर घर में पानी पहुंचाया जाएगा। बैठक में उप सचिव विधानसभा दिलीप सिंह सहित निर्माण एजेंसी के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंदिरा वार्ड 41 शास. पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलियरी स्कूल मे शिविर आयोजित

सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ◈ सिंगरौली

बैढ़न 'मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान'(दूसरा चरण) शिविर का आयोजन आज एक दिवसीय नगर पालिक निगम सिंगरौली इंदिरा वार्ड 41 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलियरी रोड गनियारी (पहाड़ी टोला) में शिविर आयोजित हुआ है । जिसमें हितग्राहियो को लाभ दिलाने हेतु नगर पालिक निगम सिंगरौली कार्यालय से संबंधित वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, समग्र आईडी में नाम जोड़ना - काटना, प्रधानमंत्री आवास, खाद्यान्न पात्रता पर्ची वितरण, आयुष्मान इत्यादि फार्म भरे व लिये जा रहे हैं और साथ ही बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल सुधार, राजस्व विभाग व महिला बाल विकास योजना से संबंधित छूटे हुये हितग्राही लाडली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना इत्यादि योजनाओं के बारे मे अवगत कराते हुये फार्म भरे जा रहे हैं। मौके पर नगर निगम सिंगरौली नगर निगम नोडल अधिकारी उपयंत्री पीके सिंह, बैढ़न गनियारी पटवारी उमेश नामदेव, वार्ड प्रभारी रामजी शर्मा, महिला बाल विकास से शैलेंद्र तिवारी, उर्मिला वर्मा, ऑपरेटर सागर शाह, हितग्राही एडवोकेट दिनेश सोनी, प्रेम सोनी सहित अन्य महिलाएं - पुरुष मौजूद रहे ।

**मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान का दूसरा चरण**




# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

नरेंद्र त्रिपाठी ◈ सीधी

जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदकों को तत्काल पावती भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री मालवीय ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।

जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें।



कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मालवीय ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# नारी सम्मान योजना फार्म (म.प्र.) कांग्रेस कमेटी के सचिव अजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित

श्रीधर सिंह ◈ सतना

विधानसभा क्षेत्र रामपुर बाघेलान के ग्राम मोहनिया, सेमरी, सुदामापुर, गहरी मे माताओं-बहनो से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष,पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी (पूर्व मुख्यमंत्री) द्वारा प्रारंभ की गयी ₹नारी सम्मान योजना ₹के बारे मे जैसे ही चर्चा की शुरूआत की पहले से ही प्रदेश की जनता जनार्दन को इस योजना के बारे मालूम हो चुका है। कमलनाथ जी व कांग्रेस के प्रति आम जनता के इस विश्वास से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार बनना तय है। इस अवसर पर श्री नीरेन्द्र द्विवेदी फरहद तथा लोकेश्वर कुशवाहा ने पूरी तन्मयता के साथ नारी सम्मान योजना के आवेदन फार्म भरवाने मे अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया।



# कोटर तहसील के पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर के कोटर तहसीलदार सुजीत नागेश को ज्ञापन सौंपा



**श्रीधर सिंह सतना।** कोटर तहसील पटवारी संघ अध्यक्ष गेंदराज सिंह के नेतृत्व मे अपनी मांगो को लेकर कोटर तहसील क्षेत्र के सभी पटवारियो ने तहसीलदार कोटर सुजीत नागेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपने के दौरान उनके सपोट मे कोटर तहसील के राजस्व निरीक्षक आर आई विभूति नारायण चतुर्वेदी, पटवारी संघ अध्यक्ष कोटर तहसील गेदराज सिंह. भूपेंद्र गौतम .संजय सिंह. आकाश चतुर्वेदी .अमर सिंह. राजकुमार सिंह. सूखेंद सिंह. देवदत्त सिंह. लवलेश शर्मा आदि पटवारी मौजूद रहे।

# कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया सम्मानित

फतवा समाचार ◈ अमरपाटन



विद्युत बिल राजस्व वसूली के क्षेत्र मे सराहनीय योगदान देने पर कार्यपालन अभियंता जेएल चौरसिया द्वारा शोभनाथ मिश्रा को सम्मानित किया गया। कहा गया कि गांव व शहर हो हर जगह विद्युत बिल बकायदारो को बिल जमा नही किये जाने पर होने वाली परेशानियों से बचने के लिए आम जनता को जागरूक कर राजस्व जमा कराने मे सराहनीय पहल की गई। जिससे चालू सत्र मे अमरपाटन विद्युत वितरण केद्र द्वारा सबसे ज्यादा राजस्व एकत्रित करने वाला वितरण केद्र रहा। जहां से विभाग को रीवा संभाग मे सबसे ज्यादा राजस्व एकत्रित करने का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार वितरण के समय कार्यपालन अभियंता के द्वारा कहा गया कि अगर अमरपाटन सबसे ज्यादा राजस्व देना वाला स्थान रहा है तो इसमे किसी एक का नही सामूहिक प्रयास का नतीजा है। सभी कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगियो के प्रयास का नतीजा है जिसमे हम सभी को धन्यबाद ज्ञापित किया।

# एकात्म अभियान के तहत ध्यान शिविर आयोजित




फतवा समाचार ◈ अमरपाटन

म. प्र. जन अभियान परिषद् एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन शासकीय महाविद्यलय अमरपाटन में आयोजित किया गया। जहां शिविर का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की वंदन के साथ किया गया। जिसकी प्रशिक्षक हार्टफुलनेस संस्था से डॉ. दीपिका श्रीवास्तव विशाल गोस्वामी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी रहे। महाविद्यालय की एनएसएस. प्रभारी डॉ. साधना मंडलोई रही। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ प्रसाद पटेल ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ शशिकांत सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ श्रीकांत शुक्ला, केशव माधव जनकल्याण समिति से शिवम त्रिपाठी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पडरिया कला के अध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा, परामर्शदाता प्रतिभा पाण्डेय, रामफल पटेल, हीरालाल पटेल, हीरालाल चौधरी, मैथिली शरण दुवे, संदीप वर्मा, सीएमसी एल डी पी एवं महाविद्यालय के छात्र छात्रा भी उपस्थित रहे।

# सतना ने रचा इतिहास, एक दिन में किए 1552 सीमांकन, अमले के साथ खेतों में उतरे कलेक्टर

फतवा समाचार ◈ सतना

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 में सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गाँवों में राजस्व की सबसे बड़ी समस्या सीमांकन के निराकरण के लिए एक दिनी महाअभियान 20 मई को नवाचार के रूप में सतना जिले में चलाया। सभी 11 तहसीलों के निराकरण योग्य 1275 सीमांकन के प्रकरणों के एक दिन में निराकरण के लक्ष्य को लेकर कलेक्टर से लेकर कोटवार का राजस्व अमला प्रातः 7 बजे से मैदान में उतरा। सीमांकन निराकरण के इस महाअभियान में मौके पर जाकर प्रकरणों में संबंधित पक्ष को बुलाकर टोटल स्टेशन मशीन और जरीब के माध्यम से सीमांकन की कार्यवाही कर काश्तकार आवेदकों को प्रमाण-पत्र भी मौके पर प्रदान किये गये।

सीमांकन के महाअभियान की निगरानी के लिए कलेक्टर अनुराग वर्मा भी मैदान में उतरे और उन्होंने मटेहना, रामस्थान, सकरिया के खेत खलिहान में पहुंचकर अपने समक्ष 9 आवेदकों के सीमांकन प्रकरण में सीमांकन की कार्यवाही सम्पन्न कराई। अपने समक्ष कलेक्टर को पाकर किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता और उत्साह देखा गया।

सीमांकन उपरांत कलेक्टर ने आवेदक किसानों को सीमांकन के प्रमाण पत्र भी मौके पर दिये। इस मौके पर एसडीएम सिटी नीरज खरे, नायब तहसीलदार अनुराधा सिंह सहित संबंधित किसान और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।



सतना कलेक्टर कलेक्टर अनुराग वर्मा सबसे पहले रघुराजनगर तहसील के ग्राम मटहेना पहुंचे। पहुंच विहीन रास्तों से होकर खेत-खलिहान में मौके पर पहुंचे कलेक्टर ने वहाँ मौजा स्टेशन में 4 सीमांकन के लंबित प्रकरणों में टीएसएम और जरीब के माध्यम से की जा रही सीमांकन की कार्यवाही का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने समक्ष मौजा मटेहना में शारदा प्रसाद, चन्द्रशेखर प्रसाद, नीलिमा और रामखेलावन के चार लंबित सीमांकन के प्रकरणों में सीमांकन की कार्यवाही कराकर आवेदकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। यहाँ 4 आवेदकों के बीच खसरा न. 410 और उसके बटांक की कुल आराजी 4 एकड़ 27 डिस्मिल रकबे का सीमांकन पटवारी अजय तिवारी ने किया। रामस्थान पहुंचे कलेक्टर अनुराग वर्मा ने 3 आवेदकों को रावेन्द्र सिंह अजय सिंह और विजय शर्मा की आराजी में किये जा रहे सीमांकन की कार्यवाही को देखा। उन्होंने पेड़ की छाँव में खाट पर बैठकर ग्रामीणों से स्थानीय समस्याओं एवं ग्राम की मूलभूत सेवाओं तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। ज्येष्ठ मास की चिलचिलाती धूप में ग्राम सकरिया पहुंचे कलेक्टर अनुराग वर्मा ने यहाँ आवेदक आनन्द मिश्रा और वंदना मिश्रा की आराजी न. 23 और 48 में रकबे 4 एकड़ 17 डिस्मिल में की जा रही सीमांकन की कार्यवाही का जायजा लिया।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि गांवों में छोटे-छोटे जमीनी विवाद के कारण लोगों को समस्या रहती है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दौरान सतना में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण का एक दिनी अभियान शनिवार को हाथ में लिया है। राजस्व अमले ने प्रातः 7 बजे से ही मौके पर पहुंच कर सीमांकन की कार्यवाही शुरू की है। फसल कटने के बाद खेत खाली होने पर सीमांकन का यह उपयुक्त समय भी है। एक दिन के लिए सभी 11 तहसीलों में 1275 सीमांकनों के प्रकरण के निराकरण का टारगेट राजस्व अधिकारियों को दिया गया है। सतना जिले के कोटवार से लेकर खुद कलेक्टर दिनभर खेतों के जमीन का सीमांकन करते देखे गए। शाम होते होते निर्धारित लक्ष्य 1275 से ज्यादा 1552 सीमांकन पूर्ण कर लिया गया। 1 दिन में किया गया इतनी संख्या में सीमांकन शायद पूरे मध्य प्रदेश ही नही देश मे पहली बार होना माना जा रहा है। इसे गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड के लिए भी अप्लाय करने की खबर है।

# हर्ष फायर से मासूम की जान खतरे में, सिर में लगी गोली

## बच्चे की हालत गंभीर



**भोपाल नप्र।** खुशियों के अवसर पर होने वाली हर्ष फायरिंग के कारण एक बार फिर शादी समारोह में मातम पसर गया। आए दिन होने वाली इन घटनाओं के बाद भी लोग सुधरने को तैयार नहीं है। ताजा मामला ग्वालियार के पिछोर का है। यहां शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से एक बच्चे की जान खतरे में पड़ गई। बच्चे के सिर में गोली लगने से वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर आरोपित मौका देखकर फरार हो गया। मामला डबरा पिछोर थाना क्षेत्र के रावतपुरा कस्बे के अंबेडकर पार्क में रविवार रात का है। 12 वर्षीय सरल जाटव निवासी मुरैना 6वीं क्लास का छात्र है।

वह नाना रमेश जाटव के साथ उनके साले मनोज जाटव की शादी में आया था। वह खाना खाकर तीन-चार लोगों के पास कुर्सी पर आकर बैठ गया। उसके बगल में उसी के गांव का पवन जाटव भी बैठा था।

पवन ने हर्ष फायर के उद्देश्य से बंदूक निकाली। वह बंदूक को लोड कर रहा था कि अचानक बंदूक चल गई। गोली की आवाज सुन वहां बैठे लोग बचने के लिए अपनी जगह से हट गए। तभी कुछ लोगों की नजर सरल पर गई। वह अपनी कुर्सी से गिर चुका था। लोगों ने उसे उठाया, तो देखा कि सिर से खून निकल रहा था। वह बेसुध था। यह देख आरोपी वहां से भाग गया। गंभीर हालत में बच्चे को ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर अवैध कॉलोनियों के राज्य स्तरीय नियमितीकरण कार्यक्रम में आए नागरिकों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी विवि के विद्यार्थियों का अब होगा पंजीयन शैक्षिणक सत्र 2023-24 से लागू होगी व्यवस्था

**भोपाल नप्र।** प्रदेश के 45 निजी विश्वविद्यालय मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पोर्टल पर विद्यार्थियों की जानकारी साझा करेंगे। इसके लिए आयोग ने पोर्टल लांच कर दिया है। शैक्षिणक सत्र 2023-24 से यह व्यवस्था लागू होने जा रही है। वर्तमान में सभी विवि प्रोफाइल तैयार कर रहे हैं। प्रोफाइल में विवि से संबंधित आवश्यक जानकारी, प्लेसमेंट कोर्स, सीट आदि का विवरण रहेगा। पोर्टल से स्कालरशिप के लिए भी विद्यार्थियों का डेटा अपने आप संबंधित विभाग को उपलब्ध हो जाएगा। इसका फायदा ये होगा कि जो निजी विश्वविद्यालय फर्जी तरीके से डिग्री दे रहे हैं, उस पर रोक लगेगी। इस सत्र से प्रवेश देने के बाद निजी विवि आयोग के पोर्टल पर विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेट करेंगे, जहां उनका पंजीयन किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों के कुल सचिवों की 29 व 30 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें विश्वविद्यालयों के कुल सचिवों को लागइन आइडी व पासवर्ड भी दिए जाएंगे। विनियामक आयोग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर विश्वविद्यालय जानकारी अपडेट करेंगे। इस बारे में उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव का कहना है कि निजी विवि के विद्यार्थियों की जानकारी निजी विवि विनियामक आयोग के पोर्टल पर दर्ज होगी। इससे फर्जी डिग्री पर रोक लगेगी ।

### डॉ नरोत्तम मिश्रा ने साधा निशानाः कमलनाथ चुनाव आते-आते भूल जाएंगे घोषणाएं

**भोपाल नप्र।** पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी चीफ कमल नाथ पर निशाना साधते हुए ग्रहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अब उन पर ये उम्र हावी हो गई है और उससे ये लगता है कि जो आए दिन घोषणा करते हैं न मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव आते-आते वे सारी घोषणाएं भी भूल जाएंगे। मालूम हो कि कमल नाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को उनकी जयंती बताया था। मीडिया ने इस बारे में डाक्टर नरोत्तम मिश्रा से सवाल किया था। इस पर डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अकेले जयंती वाली बात नहीं है। पुण्यतिथि को जयंती कह दिया। साथ में यह भी कहा कि शुभ दिन है। अब आप उससे उनकी उम्र की अंदाजा समझ लो आप। उम्र का अंदाजा ऐसा हो गया, ये 75 साल से ऊपर का। उन्होंने मीडिया से ही सवाल किया कि एक बार आपको ध्यान हो जब दीपक सक्सेना से वे दिग्विजय सिंह को जिताने की अपील कर गए थे। डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जो विधानसभा की कार्रवाई को बकवास कह देते हों, जो किसी महिला नेत्री को आइटम कह देते हों। उल्लेखनीय है कि कमल नाथ ने रविवार को राजधानी में मप्र कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इसे जयंती बता दिया था। वहीं कमल नाथ ने वर्ष 2020 के उपचुनावों के दौरान डबरा में चुनावी सभा में भाजपा नेता इमरती देवी पर आइटम कहते हुए टिप्पणी कर दी थी। तब वे कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश राजे के लिए प्रचार करने पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाई की शिकायत करने थाने गये छोटे भाई की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत

**भोपाल नप्र।** राजधानी के बजरिया थाना इलाके में पानी को लेकर दो के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान उनके बीच झूमाझटकी हो गई। छोटा भाई अपनी पत्नि के साथ शिकायत करने थाने पहुंचा, जहॉ अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहॉ उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक का आठ दिन पहले ही हार्ट का ऑपरेशन हुआ था। मामला कायम कर पुलिस आगे की जॉच कर रही है। पुलिस के अनुसार चांदबड़ में रहने वाला 48 वर्षीय गगन श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राम शंकर श्रीवास्तव निजी वाहन चलाता था। उनकी पत्नि का कहना है कि मंगलवार सुबह करीब 7 बजे वह बाथरुम में जा रहे थे। तभी उनके बड़े भाई की पत्नी ने पानी फेंका, उनके पति ने जब इसका विरोध किया तब बड़े भाई का परिवार विवाद करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगा। बाद में जैसै तैसै अन्य लोगो ने उन्हें अलग-अलग किया। गगन अपनी पत्नि के साथ शिकायत करने थाने पहुंचे। गगन का आठ दिन पहले ही हार्ट का ऑपरेशन हुआ था। थाने में अचानक सीने में दर्द शुरू हो गया और घबराहट होने लगी। तबीयत खराब होने पर पत्नि थाने के बाहर आकर लोगों की मदद से ऑटो में उन्हें इलाज के लिये एलबीएस हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां से उन्हें हमीदिया रेफर कर दिया गया। हमीदिया पहुंचने पर डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही गगन को मृत घोषित कर दिया।

### वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागों में होगा फेरबदल

**भोपाल नप्र।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने में अब महज छह माह का ही समय रह गया है। ऐसे में चुनावी बिसात बिछनी शुरु हो गई है, लिहाजा प्रशासनिक स्तर पर भी इसी तरह के कदम उठाने की तैयारियां की जा रही हैं। इसके तहत करीब डेढ़ दर्जन विभागों के प्रमुखों को बदलने की कवायद शुरु हो गई है।इसके अलावा कुछ मैदानी स्तर के आला अफसरों की भी नई पदस्थापनाएं किए जाने की भी चर्चाएं हैं। दरअसल मंत्रालय में आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ आईएएस अफसर बीते तीन सालों से एक ही विभाग में पदस्थ हैं। इन्हें बदला जाना है। इनमें से अधिकांश अफसर ऐसे हैं, जिनकी अपने ही विभाग के मंत्रियों से पटरी नहीं बैठ रही है। उनकी शिकायत भी मंत्री कई बार मुख्यमंत्री तक से कर चुके हैं। इसके बाद भी इन अफसरों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। इसकी वजह से मंत्रियों द्वारा लगातार ऐसे अफसरों को बदलने की मांग की जा रही है। इस बीच केंद्रीय नगर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक एक मंत्री ने अपने प्रमुख सचिव से परेशान होकर सिंधिया तक को पत्र लिखकर शिकायत की है। यह पत्र सिंधिया द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय को भी भेज दिया गया है। अब इस पत्र पर क्या कार्रवाई होती है, इसका इंतजार राजनैतिक हलकों में किया जा रहा है।

# चंबल में लगातार बढ़ता जा रहा कछुओं का कुनबा बढ़ रहा विलुप्तप्राय ढोर व लाल तिलकधारियों का वंश

**भोपाल नप्र।** प्रदेश के मुरैना क्षेत्र में बहने वाली चंबल नदी में कछुओं का कुनबा लगातार बढता जा रहा है। विलुप्तप्राय ढोर व लाल तिलकधारी प्रजाति के कछुओं का वंश बढ रहा है। यहां कई ऐसी प्रजाति के कछुए पाए जाते हैं, जो अन्य नदियों से सालों पहले विलुप्त हो चुके हैं। इसी कारण नदी का पानी स्वच्छ है, जिसमें अन्य जलीय जीवों का कुनबा भी बढ़ रहा है। चंबल नदी में कुल नौ प्रजाति के कछुए पाए जाते हैं, इसमें सबसे विशेष वाटागुर डोंगोका कछुआ या थ्री स्टिप्ड रूफ टरटल (ढोर कछुआ) है, जिसके कवच पर तीन धारियां होती हैं। दूसरी विलुप्तप्राय प्रजाति वाटागुर कछुआ की है, जिसे गर्दन व सिर के ऊपर लाल व सफेद रंग की धारियों के कारण लाल तिलकधारी



के नाम से जाना जाता है। इन दोनों को नदी का स्वच्छताकर्मी माना जाता है, क्योंकि ये प्रजाति नदी के पानी को दूषित करने वाले घास-फूस से लेकर मृत कीट, पतंगे व प्रदूषण बढ़ाने वाली मछली व अन्य जलीयजीवों को अपना आहार बनाती हैं। इसीलिए घड़ियाल अभयारण्य प्रशासन इन दोनों प्रजाति के कछुओं के संरक्षण पर जोर दे रहा है। इसके अलावा हरडेला धुरजी, टेंट टेरियन और सरकम डाटा कछुआ भी है, जिनके कवच से गोली भी पार नहीं जाती। कछुओं की चार प्रजाति निलसोनिया गेंजेटिका, लिसमस पंटाटा, निलसोलिया ह्यूरम और चित्रिका इंडिका नाजुक कवच वाले होते हैं।

### फरवरी-मार्च में रेत के नीचे गढ्ढे बनाकर उनमें अंडे देती हैं

दो साल की उम्र होने पर नदी में छोड़ा जाएगा। जलीय जीवों की जानकार ज्योति डंडोतिया बताती हैं कि नदी किनारे जहां-जहां रेत है वहां-वहां मादा कछुए अंडे देती हैं। श्योपुर के पाली से लेकर कतन्नीपुरा, रघुनाथपुर, नदीगांव, बटेश्वरा मुरैना में भर्रा, डांगबसई, राजघाट, गड़ौरा, टिकरी, रिठौरा, उसैद घाट से लेकर भिंड में बाबूसिंह का घेर, दलजीत का पुरा, अटेर, बरई और उप्र से सटे सांकरी तक नदी किनारे रेत में भरपूर अंडे पाए जाते हैं। मादा कछुआ फरवरी-मार्च में रेत के नीचे गड्ढे बनाकर उनमें अंडे देती हैं, जिनसे मई के अंत या जून में अंडे निकलते हैं। एक मादा कछुआ 20 से 25 अंडे देती है। इस बारे में चंबल घड़ियाल अभयारण्य के डीएफओ स्वरूप दीक्षित का कहना है कि चंबल नदी में कभी कछुओं की गणना नहीं हुई, लेकिन नदी में हर जगह कछुओं की मौजूदगी, प्रजनन के लिए मिलने वालों अंडों की संख्या से स्पष्ट है कि चंबल में बहुत अच्छी संख्या में कछुए हैं।

## कार्तिकेय चौहान और मप्र कांग्रेस के बीच ट्विटर वॉर फिर गरमाया


**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश कांग्रेस और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान में ट्विटर वॉर फिर गर्मा गया है। तीन दिन में मंगलवार को दूसरी बार है, जब कांग्रेस और कार्तिकेय में ट्विटर पर बयानजाबी हुई है। कांग्रेस ने 21 मई की रात 8:48 पर ट्वीट करते हुए कार्तिकेय को लिखा- हे युवराज!

जब आप अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे, तब आपके पिताजी की सरकार मंदसौर में किसानों के बच्चों को गोलियों से भून रही थी। इसके जवाब में कार्तिकेय ने मंगलवार (22 मई) सुबह 7.38 ट्वीट कर कहा- सुना है बड़े भाई नकुलनाथ जी जब अमेरिका में थे, तो देश में सिख नरसंहार हो रहा था? इससे पहले कार्तिकेय ने कांग्रेस के लिए लिखा था- कांग्रेस नेताओं में चरित्र शब्द की समझ कम है। दरअसल, कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवराज और उनकी पत्नी साधना का एक वीडियो शेयर करते हुए तंज कसा था। लिखा था- आदरणीय मामी जी, अब आपकी जल्द ही चूल्हा फूंकने की तकलीफ खत्म होने वाली है, क्योंकि कमलनाथ जी के मुख्यमंत्री बनते ही आपको भी 500 में गैस सिलेंडर मिलेगा। वीडियो में शिवराज सिंह की पत्नी साधना सिंह सिलबट्टा चलाते नजर आ रहीं हैं। पास में कुछ महिलाएं चूल्हे पर रोटियां सेंकती और चूल्हा फूंकती नजर आ रही हैं। यह वीडियो मई में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी मैरिज एनिवर्सिरी के दिन ट्वीट किया था।

## तेज हवा के कारण गिरा पेड़, कई वाहन दबे, चार घायल सालों पुराना पीपल का विशाल वृक्ष उखड़ा तेज हवा से

**भोपाल नप्र।** प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के टावर चौक से शहीद पार्क जाने वाले मार्ग पर सालों पुराना एक पीपल का विशाल वृक्ष तेज हवा से उखड़ गया। पेड की चपेट में आने से चार लोग घायल हो गए, वहीं कई वाहन भी दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। पेड़ के नीचे एक साइकिल, दो दोपहिया वाहन, दो कारें दब गई।

सूचना मिलने पर माधवनगर टीआईमनीष लोधा व टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। टीआइ लोधा ने बताया कि टावर चौक से शहीद पार्क की ओर जाने वाले मार्ग पर मामा पान कार्नर व फूल वालों की दुकान के समीप लगा विशाल पीपल का वृक्ष रविवार रात करीब आठ बजे उखड़कर गिर गया। तेज हवा के कारण



पेड़ उखड़ गया। इससे सामने की ओर खड़ी दो कारें क्षतिग्रस्त हो गई। मार्ग से साइकिल से गुजर रहे सुजीत बैरागी उम्र 30 वर्ष निवासी बेगमबाग, जिशान पुत्र गफूर खान उम्र 30 वर्ष निवासी खजूर वाली मस्जिद तथा इमरान शेख निवासी फ्रीगंज सहित एक अन्य महिला घायल हो गई। सभी को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। सुजीत बैरागी को सिर में अधिक चोट लगी है। वहीं इमरान व जिशान को मामूली चोट बताई जा रही है।

हादसे के कारण टावर से शहीद पार्क की ओर जाने वाला मार्ग बंद हो गया। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र की बिजली गुल हो गई।पेड़ के नीचे ही हार-फूल की दुकान लगाने वाले अनिल ने बताया कि तेज हवा के कारण पेड़ काफी जोरों से हिल रहा था। इससे वह घबरा गया और दुकान छोड़कर पीछे की ओर चला गया। उसी दौरान एकाएक पेड़ जड़ सहित उखड़ गया और गिर गया। रविवार के कारण मार्ग पर वाहनों तथा पैदल आने-जाने वाले लोगों की आवाजाही कम थी। वहीं अनिल समय रहते गुमटी से हट गया था।

## 1 साल से पेट्रोल-डीजल के रेट बदलने वाला सिस्टम बंद, नहीं कम हुए रेट!

भोपाल(ईएमएस)। बीते करीब एक साल से पेट्रोल-डीजल की कीमतें यथावत बनी हुई हैं। कहने को तो ईंधन के दाम बदलने के लिए डेली प्राइज मैकेनिज्म सिस्टम अभी भी लागू है लेकिन पेट्रोल-डीजल के दामों में कहीं कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। खास बात यह है कि करीब एक साल पूर्व की तुलना में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के दाम करीब 34 डॉलर प्रति बैरल लुढक् चुके हैं, लेकिन तेल कंपनियों ने ईंधन के दामों में कमी करने के बारे में नहीं सोचा। पेट्रोल-डीजल से जुड़े जानकारों का मानना है कि क्रूड ऑयल के दाम कम होने का असर ईंधन के दामों पर भी देखने को मिल सकता था।

15 जून 2017 से डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बदलाव के लिए डेली प्राइज मैकेनिज्म सिस्टम लागू किया गया था। इसके तहत प्रत्येक पेट्रोल पंप पर सुबह 6 बजे डीजल-पेट्रोल के बदले हुए रेट आते थे, जो रात तक रहते थे। जानकारों का कहना है कि करीब एक साल से ये रेट बदलने वाला सिस्टम बंद है, क्योंकि इस अवधि में डीजल-पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया।

### कंपनियों ने नहीं घटाए दाम

वर्ष 2022 मई से डीजल-पेट्रोल के भाव स्थिर बने हुए हैं। उस समय क्रूड ऑयल के भाव 110 डॉलर प्रति बैरल पर थे, जो वर्तमान में घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। यानी करीब एक साल में कच्चा तेल 34 डॉलर प्रति बैरल टूट गया है।

### प्रति लीटर कम होने थे दाम

क्रूड के दाम साल भर में करीब 34 डॉलर प्रति बैरल लुढक् चुके हैं, लेकिन तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई कमी नहीं की है। यदि दाम कम होते तो आमजन को कम से कम 6 से 7 रुपए प्रति लीटर सस्ता होने की राहत मिलती। इस समय भी सरकारी तेल कंपनियों को भी फायदा दिया जा रहा है। सरकार को पेट्रोल-डीजल के दामों में कुछ कमी करके जनता को राहत देनी चाहिए।

## मप्र में भी कांग्रेस का दो चेहरे वाला फार्मूला

# कमलनाथ-दिग्विजय की जोड़ी मजबूत करेगी कांग्रेस का हाथ

**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक फॉर्मूले पर चुनाव लड़कर सत्ता की वापसी की पूरी कोशिश कर ही है। कर्नाटक में जिस तरह से सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की जोड़ी ने कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाई, ठीक उसी तर्ज पर मध्यप्रदेश में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी चुनावी मैदान में आ डटी है।

चुनाव से पहले दिग्विजय-कमलनाथ की जोड़ी एक सुर में भाजपा पर अक्रामक नजर आ रही है। चुनाव में कांग्रेस के मुख्यमंत्री चेहरे कमलनाथ ने पार्टी के चुनावी प्रचार की कमान अपने हाथों में संभाल रखी है। कमलनाथ लगातार जिलों का दौरा कर पार्टी कार्यक्रमों में शामिल हो रहे है। कमलनाथ चुनावी मंचों से पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र के मुद्दों का एलान कर जनता को सीधे पार्टी से कनेक्ट कर रहे है। बात चाहे नारी सम्मान योजना की हो या सत्ता में आने की मुफ्त बिजली देने के एलान की कमलनाथ चुनावी मंच से लोगों के बीच कांग्रेस के नारे को पहुंचा रहे है। विधानसभा के चुनावी कैंपेन में कांग्रेस कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री के तौर पर पेश कर रही है। वहीं दिग्विजय सिंह खुलकर हर मंच से कह रहे है कि चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद कमलनाथ ही मुख्यमंत्री होंगे। दिग्विजय सिंह साफ कह रहे है कि वह मुख्यमंत्री की रेस में नहीं है। दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ के मुख्यमंत्री बनने की बात उस समय कही जब कांग्रेस के ही कई वरिष्ठ नेता कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री बताने पर ऐतराज जता चुके थे। मुख्यमंत्री के चेहरे पर मीडिया के सवालों पर दिग्विजय सिंह बेबाकी से कहते है कि हमारा एक ही चेहरा हैं वो हैं कमलनाथ। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संगठन को ग्राउंड लेवल पर मजबूत करने के साथ पार्टी के नाराज नेताओं को मनाने के साथ कार्यकर्ताओं को एकता का पाठ पढ़ा रहा है। दिग्विजय सिंह लगातार जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं को समझाइश देने के साथ एकजुटता का संकल्प दिला रहे है।



### दिग्विजय सिंह लगातार सक्रिय, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे

पिछले दिनों सिंगरौली पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ही कांग्रेस को हरा रही है। प्रदेश में पार्टी की लगातार हार पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं में एकता नहीं है और चुनाव में कांग्रेस ही कांग्रेस को हरा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को जिन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था, दिग्विजय सिंह उन सीटों पर पहुंचकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक कर रहे है। दिग्विजय सिंह मंडलम सेक्टर की बैठक में शामिल होकर ब्लॉक, उप ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बीएलए स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर रहे है। दिग्विजय सिंह बूथ पर कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए कह रहे है कि अगर कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे तो पार्टी की जीत सुनिश्चित है।

# दो मौसम प्रणालियों के कारण छा रहे बादल, कई जगहों पर बूंदा-बांदी, तीखी गर्मी नदारद

भोपाल नप्र। प्रदेश में वर्तमान में दो मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं जिसके चलते बार-बार बादल आ रहे हैं और कई जगहों पर बूंदा-बांदी भी हो रही है जिसके चलते तापमान ज्यादा ऊपर नहीं जा पा रहा है। इस पूरे सप्ताह मौसम के ऐसे ही बने रहने के आसार है जिसके चलते नौतपा में भीषण गर्मी नदारद रहेगी और रुक-रुककर वर्षा की स्थिति बनती रहेग। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मई के आखिरी सप्ताह में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गर्मी के सबसे तीखा समय माने जाने वाले दौर में इस वर्ष भीषण गर्मी के हालात नहीं है। प्रदेश में सोमवार को कहीं लू नहीं चली, वहीं सबसे अधिक 45 डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर, खजुराहो और नौगांव में दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी सुबह से धूप के बीच बादलों का आना-जाना लगा



हुआ था, गर्मी जोर पकड़ ही रही थी कि दोपहर चढ़ते-चढ़ते मौसम पूरी तरह से बदल गया। तेज हवा और बूंदा-बांदी के कारण पारा एकदम से गिरा। मौसम वैज्ञानियों का कहना है कि मई के आखिर तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। नौतपा में रुक-रुककर वर्षा होने के आसार बने हुए है। जिसके कारण ही तापमान भी ज्यादा नहीं चढ़ेगा। प्रदेश में मंगलवार से तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि हवा का रुख पश्चिमी एवं दक्षिण-पश्चिमी बना हुआ है। सुबह के समय वातावरण शुष्क रहने से तापमान बढ़ने लगता है। दोपहर के बाद हवाओं के साथ नमी आने के कारण बादल छाने लगते हैं। तापमान काफी बढ़ा हुआ रहने और नमी कम रहने के कारण तेज हवाएं चलने लगती हैं। उधर 24 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में प्रवेश करने जा रहा है। इसके प्रभाव से 25 मई से प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की वर्षा होने के आसार हैं।सोमवार दिन भर में दमोह में तीन सेमी सहित, गुना, सागर और ग्वालियर छिटपुट वर्षा दर्ज की गई है। इससे पहले रविवार को बीते 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षा हुई थी। जिसमें बागली में चार,नेपानगर, इछावर में तीन, आगर, झार्ड, टाकखुर्द, रायसेन ईशागढ़, आष्टा, श्यामपुर और नागदा में एक सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो मराठवाड़ा और कनार्टक से होकर जा रही है। अरब सागर में भी एक प्रति चक्रवात मौजूद है।

# चेन्नई ने कायम किया रिकॉर्ड, 10वीं बार पहुंची फाइनल में



**चेन्नई** । चेन्नई सुपरकिंग्स IPL 2023 के फाइनल में पहुंच गई है। चेन्नई ने मंगलवार को अपने होमग्राउंड चेपॉक स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हरा दिया। महेंद्र सिंह धोनी की टीम ने सबसे ज्यादा 10वीं बार IPL फाइनल में जगह बनाई है। खिताबी मुकाबला 29 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में हार के बावजूद गुजरात की टीम फाइनल की रेस में बरकरार है। गुजरात को अब बुधवार को होने वाले एलिमिनिटेर-1 की विजेता टीम से खेलना होगा। इस एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होना है। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के हीरो ऋतुराज गायकवाड़ रहे। उन्होंने 44 बॉल पर 60 रन की अहम पारी खेली। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी चेन्नई के ओपनर्स ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। ऋतुराज गायकवाड (44 बॉल पर 60 रन) और डेवोन कॉन्वे (34 बॉल पर 40 रन) की जोड़ी ने 64 बॉल पर 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। बाद में रवींद्र जडेजा ने 16 बॉल पर 22 रन का योगदान दिया। अजिंक्या रहाणे और अंबाती रायडू ने एक समान 17-17 रन जोड़े। गुजरात के शमी और मोहित शर्मा को 2-2 और दर्शन नालकंडे, राशिद खान और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।

जवाबी पारी में गुजरात की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने 38 बॉल पर 42 रन की पारी खेली, जबकि लोअर मिडिल ऑर्डर पर राशिद खान ने 16 बॉल पर 30 रन बनाए। दासुन शनाका ने 17 और विजय शंकर ने 14 रन का योगदान दिया।

चेन्नई के लिए रवींद्र जडेजा, दीपक चाहर, महीश तीक्षणा और मथीस पथिराना ने 2-2 विकेट लिए। तुषार देशपांडे को एक विकेट मिला।

### पावरप्ले में आउट हुए साहा-हार्दिक

173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने तीसरे ही ओवर में ऋद्धिमान साहा का विकेट गंवा दिए। नंबर-3 पर हार्दिक पंड्या बैटिंग करने आए। लेकिन 7 बॉल में 8 ही रन बनाकर आउट हो गए। टीम 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 41 रन ही बना सकी।

### मिडिल ओवरों में बिखरी गुजरात

173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल और दासुन शनाका ने पारी संभाली, लेकिन 11वें से 15वें ओवर के बीच GT ने लगातार 4 विकेट गंवा दिए। इस दौरान डेविड मिलर, शनाका, गिल के साथ राहुल तेवतिया भी पवेलियन लौट गए।

### मैच के टर्निंग पॉइंट्स

CSK की ओपनिंग पार्टनरशिप टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने 87 रन की पार्टनरशिप की, जिसके सहारे टीम ने 20 ओवर में 172 रन बनाए।


मिडिल ओवर्स में फंसे टाइटंस 173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद 11 से 15 ओवर के बीच 4 और विकेट गंवा दिए। जडेजा ने 11वें और 13वें ओवर में दसुन शनाका और डेविड मिलर के विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में 18 रन देकर ही 2 विकेट ले लिए। इस दौरान टाइटंस ने शुभमन गिल और राहुल तेवतिया के भी बड़े विकेट गंवाए।

6 गेंद में शंकर और राशिद आउट आखिरी ओवरों में विजय शंकर और राशिद खान ने गुजरात को जीत की उम्मीद दी। लेकिन 18वें ओवर में ऋतुराज गायकवाड ने डाइविंग कैच लेकर शंकर को पवेलियन भेजा। इसी ओवर में दर्शन नालकंडे रनआउट हुए और अगले ओवर में राशिद खान भी कैच आउट हो गए। इस तरह GT ने 6 गेंद में 3 विकेट गंवाए और मैच को अपने हाथ से गंवा दिया।

### एनालिसिसः नियमित अंतराल पर विकेट गंवाकर हारी गुजरात

173 रन का चुनौतीपूर्ण टारगेट चेज करते हुए गुजरात की टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। टीम के 5 फिनिशर भी खास प्रदर्शन नहीं कर सके। नतीजा, टीम को पराजय का सामना करना पड़ा।

### गुजरात के खिलाफ गायकवाड की चौथी फिफ्टी



CSK के ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने 36 बॉल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने गुजरात के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक लगाया। चेन्नई के खिलाफ टीम का यह चौथा ही मैच है। गायकवाड 60 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले उन्होंने इसी सीजन 92 रन की पारी खेली थी। पिछले सीजन के 2 मैचों में उन्होंने 53 और 73 रन बनाए थे।

## रैपिड न्यूज

### पतंजलि ऋषिकुल में हुआ बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट



**प्रयागराज** । पतंजलि ऋषिकुल फिट इंडिया विजन के तहत बच्चों में खेल के प्रति रुचि जागृत करने के लिए 30 अप्रैल से 22 मई तक बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट किया गया। जिसमें लगभग 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने मंगलवार को बताया कि बास्केटबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 9 टीम एवं बालिका वर्ग में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। जबकि वॉलीबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में बालक वर्ग में 6 टीम एवं बालिका वर्ग में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। इन सभी टीमों का अलग-अलग स्तर पर मुकाबला हुआ और चयनित टीमें क्वार्टर फाइनल एवं सेमी फाइनल तक पहुंची। जिनमें से बास्केटबॉल बालक वर्ग में नैवरिक टीम एवं लेकर्स टीम तथा बालिका वर्ग में लेकर्स टीम एवं नकेट्स टीम अनंतिम रूप से फाइनल के लिए चयनित हुई। इसी तरह वॉलीबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में बालक वर्ग में हैमर टीम एवं नाइट राइडर्स टीम तथा बालिका वर्ग में परफेक्शनिस्ट टीम एवं ब्लॉकर्स टीम अंतिम रूप से फाइनल के लिए चयनित हुई। 22 मई को दोनों ही खेलों का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें बास्केटबाल बालक वर्ग में नैवरिक टीम विजेता एवं लेकर्स टीम उपविजेता रही। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट वैभव सिंह रहे। इसी तरह बालिका में नैवरिक टीम विजेता एवं नकेट्स टीम उपविजेता रही। प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट स्वाति सिंह रहीं।

### आईसीसी ने विश्व कप क्वालीफायर 2023 के मुकाबलों के कार्यक्रम का किया ऐलान

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को विश्व कप क्वालीफायर 2023 के मुकाबलों के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। 10 टीम जिंबाब्वे में 18 जून से नौ जुलाई तक एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के मुकाबले खेलेंगी। क्वालीफायर में भाग ले रहीं 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में वेस्ट इंडीज के साथ टूनार्मेंट मेजबान जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, नेपाल और यूएसए शामिल हैं। ग्रुप बी श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, ओमान और यूनाइटेड अरब अमीरात हैं। ग्रुप मुकाबलों में सभी टीमें एक-दूसरे से मैच खेलेगी। ग्रुप मुकाबलों के अंत में दोनों ग्रुप से टॉप तीन टीमें सुपर 6 के लिए क्वालीफाई करेंगी। 3 टीमें ग्रुप ए से होंगी और तीन टीमें ग्रुप बी से होंगी। इसके बाद सुपर 6 में वे उन टीमों से खेलेंगी, जिनसे वे ग्रुप चरण में नहीं खेली हैं। इसके बाद टॉप दो टीमें विश्व कप में जगह बनाने के साथ फाइनल में प्रवेश कर जाएंगी। फाइनल मैच 9 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस का मानना है कि जिम्बाब्वे में 10 टीमें बहुत समान रूप से मेल खाती हैं और सभी पक्षों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद कर रहे हैं।

# रवि शास्त्री ने चुनी भारत और ऑस्ट्रेलिया की संयुक्त टेस्ट इलेवन, केवल 4 भारतीय खिलाड़ियों को दी जगह



**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ियों को मिलाकर एक संयुक्त टेस्ट इलेवन चुनी है। हैरानी की बात यह है कि रवि शास्त्री द्वारा चुनी गई बेस्ट इलेवन में केवल चार भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी गई है जबकि ऑस्ट्रेलिया के 7 खिलाड़ी चुने गए हैं। पूर्व भारतीय कोच ने जिन 4 भारतीय खिलाड़ियों को चुना है, उनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविन्द्र जडेजा और मोहम्मद शमी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन हैं। रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा को टीम का कप्तान बनाया है। आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा कि दोनों पक्षों में विश्व स्तर के कई खिलाड़ी हैं, जिस कारण उन्हें संयुक्त प्लेइंग 11 चुनना कठिन कार्य लगा। संयुक्त प्लेइंग 11 टीम का कप्तान रोहित शर्मा को बनाए जाने को लेकर शास्त्री ने कहा कि मैं रोहित को कप्तानी दूंगा, क्योंकि वह पैट (पैट कमिंस) से कहीं अधिक अनुभवी है। उन्होंने कहा कि अगर स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान होते तो शायद यह एक अलग कहानी होती लेकिन चूंकि पैट कमिंस और रोहित शर्मा हैं, इसलिए रोहित जीत जाते हैं। सलामी बल्लेबाजी के रूप में रोहित शर्मा का जोड़ीदार उस्मान ख्वाजा को चुने जाने को लेकर उन्होंने कहा कि उस्मान ख्वाजा और शुभमन गिल के बीच कड़ी टक्कर थी। शुभमन उभरते हुए युवा स्टार हैं और वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन उस्मान ख्वाजा, मौजूदा फॉर्म और पिछले कुछ वर्षों में जितने रन बनाए हैं, मुझे लगता है कि वह वहां होने चाहिए। पूर्व कोच शास्त्री ने नंबर 3, नंबर 4 और नंबर 5 के लिए मार्नस लाबुशाने, विराट कोहली और स्टीव स्मिथ को चुना। उन्होंने कहा कि नंबर तीन के लिए मार्नस लाबुशेन के अलावा और कोई नहीं आ सकता। उनका परफॉर्मेंस शानदार रहा है। उनका औसत 60 के करीब है, इसलिए वो नंबर 3 के लिए पहली पसंद हैं। कोहली को लेकर उन्होंने कहा कि कोहली ने इतने सालों में जो किया है, उसके लिए वह चौथे नंबर पर बेस्ट हैं जबकि स्मिथ मेरे लिए नंबर 5 की पसंद हैं। नंबर 6 के लिए उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को चुना। उन्होंने कहा कि नंबर 6 पर मैं जडेजा को चुनता हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक है। नंबर 7 पर उन्होंने विकेट कीपर के रूप में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स केरी को रखा। संयुक्त प्लेइंग 11 में भारत के स्टार स्पिनर रविचन्द्रन अश्विन की जगह ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को चुने जाने पर शास्त्री ने कहा कि मैंने नाथन लियोन को अश्विन से आगे इसलिए चुना, क्योंकि नाथन का विदेशी रिकॉर्ड है। न केवल ऑस्ट्रेलिया में बल्कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर भी। तेज गेंदबाजों के रूप में शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और भारत के मोहम्मद शमी को चुना है। उल्लेखनीय है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से लंदन के द ओवल मैदान में होगा। रवि शास्त्री संयुक्त भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट एकादशः रोहित शर्मा (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, रवींद्र जडेजा, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, मोहम्मद शमी।

# खेल विज्ञान कार्यशाला में हुई विभिन्न विषयों पर चर्चा



**मुम्बई** । अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा मुम्बई में अपनी तरह की पहली खेल विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खेल विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। एआईएफएफ ने मंगलवार को बताया कि मुंबई में सोमवार को भारतीय पेशेवर मैच अधिकारियों के लिए 'विजन 2047' के तहत पहली खेल विज्ञान कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के खेल विज्ञान विशेषज्ञ डॉ संदीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में डॉ कुमार ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जैसे शारीरिक फिटनेस बढ़ाने, ताकत और कंडीशनिंग, रिकवरी प्रोटोकॉल, आहार और पोषण, शरीर संरचना, विशिष्ट प्रशिक्षण योजना, चयापचय, लय आदि। एआईएफएफ के मुख्य रेफरिंग अधिकारी ट्रेवर केटल ने जारी बयान में कहा कि विभिन्न खेल विज्ञान विषयों के बारे में परिचय के साथ पेशेवर मैच अधिकारियों को प्रदान किए गए समर्थन के लिए डॉ संदीप को आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इससे मैच अधिकारियों की कल्पनाशीलता और अपने स्वयं के व्यक्तिगत प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की इच्छा बढ़ी है। मैंने अपने रेफरी करियर के दौरान व्यक्तिगत रूप से खेल विज्ञान के लाभों को देखा है। मैं डॉ. संदीप को इस महान काम के लिए बधाई देता हूं।

# जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपनी ताकत साबित करने का बड़ा अवसरः उत्तम सिंह



**नई दिल्ली** । ओमान के सलालाह में 23 मई से "पुरुष जूनियर एशिया कप 2023" की शुरूआत हो गई है। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला एक जून को खेला जाएगा। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपना पहला मैच आज (24 मई) को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगी। मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा है कि जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपनी ताकत साबित करने का एक बड़ा अवसर है। हॉकी इंडिया की ओर से मंगलवार को जारी बयान में उत्तम सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमें जो अच्छा अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला है और हाल ही में साई (एसएआई) सेंटर बेंगलुरु में हुए अभ्यास सत्रों में, जहां हमने अपने कौशल को निखारने के लिए सीनियर टीम के खिलाफ खेला, उसके आधार पर कह सकते हैं कि हम खिताब बचाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

टीम के उपकप्तान बॉबी सिंह धामी ने कहा कि टीम न केवल एशिया की सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हैं, बल्कि पिछले साल सुल्तान जोहोर कप जीतने के बाद से अधिक उत्साहित हैं। धामी ने आगे कहा कि हम एशिया की कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए उत्सुक हैं और विश्व कप में जगह बनाने के साथ ही मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य बना रहे हैं। इसके अलावा पिछले साल सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जीत हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली साबित हुई है। मेरा मानना है कि हम टूनार्मेंट में किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं और स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम 24 मई को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच के साथ पुरुष जूनियर एशिया कप 2023 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद 25 मई को टीम जापान से भिड़ेंगी। टीम 27 मई को पाकिस्तान से भिड़ेगी और 28 मई को अपना आखिरी पूल मैच थाईलैंड के खिलाफ खेलेगी।

टूनार्मेंट में भाग लेने वाली दस टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है। पूल ए में भारत, चीनी ताइपे, जापान, पाकिस्तान और थाईलैंड शामिल हैं। पूल बी में मेजबान ओमान के साथ बांग्लादेश, कोरिया, मलेशिया और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

### आरसीबी के प्लेऑफ में नहीं पहुंचने से कोहली निराश, मजबूत वापसी की कही बात

**नई दिल्ली** । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने से टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी निराश हैं। उन्होंने फैंस के साथ-साथ साथी खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट का धन्यवाद किया है। साथ ही मजबूती के साथ अगले साल वापसी की बात कही है। विराट कोहली ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए लिखा कि एक ऐसा सीजन जिसमें कुछ अच्छे क्षण थे, लेकिन दुर्भाग्य से हम लक्ष्य से चूक गए। हम निराश हैं लेकिन हमें अपना सिर ऊंचा रखना चाहिए। हमें हर कदम पर समर्थन देने के लिए मैं हमारे लॉयल समर्थकों का आभारी हूं। कोहली ने आगे कहा कि कोचों, प्रबंधन और मेरे साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मजबूत वापसी करना है। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2023 में आरसीबी का 14 अंक हासिल करने के साथ 6वें नंबर पर रहकर सफर समाप्त हो गया। टीम को 14 मुकाबलों में 7 जीत और 7 में हार मिली। टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपना आखिरी लीग मुकाबला जीतना था, जो इस सीजन की नंबर एक टीम गुजरात टाइटंस से था। 21 मई को खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी को गुजरात के खिलाफ हार मिली और वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। आरसीबी की हार के बाद अब मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब रही। इस सीजन विराट कोहली के लिए बतौर बल्लेबाज काफी शानदार रहा। गुजरात के खिलाफ मुकाबले में उनके बल्ले से शतकीय पारी भी आई, लेकिन शुभमन गिल के शतक की वजह से आरसीबी इस मैच में हार गई। इस सीजन कोहली ने 14 मैचों में कुल 639 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने लगातार दो शतक भी लगाए। साथ ही छह अर्धशतक भी जमाए। आईपीएल में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले विराट कोहली पहले नंबर पर आ गए हैं। उनके नाम कुल सात शतक हैं।




# नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर वन जेवलिन थ्रोअर बनेः ऐसा करने वाले देश के पहले एथलीट

**दिल्ली** । टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-वन जेवलिन थ्रोअर बन गए हैं। वह देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन ने सोमवार को यह रैंकिंग जारी की। नीरज 1455 अंकों के साथ नंबर वन पर काबिज हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन ग्रेनाडा के एंडर्सन पीटर्स को 22 अंकों से पीछे छोड़ दिया। रैंकिंग में पड़ोसी देश पाकिस्तान के थ्रोअर अरशद नदीम पांचवें स्थान पर रहे। नदीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। इसमें नीरज चोपड़ा चोट की वजह से भाग नहीं ले पाए थे। वहीं, भारत के रोहित यादव 15वें और डीपी मनु 17वें स्थान के साथ टॉप-20 में शामिल हैं। नीरज ने इस महीने 5 मई को दोहा डायमंड लीग में गोल्ड मेडल जीता था। यह फोटो उसी वक्त का है। नीरज ने इस महीने 5 मई को दोहा डायमंड लीग में गोल्ड मेडल जीता था।




### 8 महीने से वर्ल्ड नंबर पर-दो पर थे काबिज

नीरज 30 अगस्त, 2022 से वर्ल्ड नंबर दो पर थे। पीटर्स अब तक नंबर एक जेवेलिन थ्रोअर बने हुए थे। वहीं, इस महीने 5 मई को दोहा में हुए डायमंग लीग में नीरज ने 88.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता था। उधर, वर्ल्ड नंबर वन एंडर्सन पीटर्स 85.88 मीटर फेंकर तीसरे स्थान पर रहे थें। टोक्यो ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट जाकूब बादलेच दूसरे स्थान पर थे।

### फ्रांस में अपने खिताब को डिफेंड करने की चाहत

भारतीय भाला फेंक एथलीट एशियाई खेलों के भी मौजूदा चैंपियन हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित 2018 एशियाई खेल में गोल्ड मेडल जीता था। वे इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेलों में अपने खिताब को डिफेंड करना चाहेंगे।



# जयसिंह नगर लैंप्स प्रबंधक के सह पर चल रहा है किया जा रहा है लाखों का राशन घोटाला



राशन लेकर भागता लैंप्स प्रबंधक

शांतनु मिश्रा ◈ जयसिंहनगर

मामला जिले के जयसिंहनगर जन चर्चा का विषय है कि लैंप्स का है जहां पर लैम्प्स प्रबंधक द्वारा अंधेर गर्दी मचाई जा रही।दरअसल जयसिंह नगर लैंप्स के द्वारा जयसिंहनगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित की जाती है जिसमें हर माह बीपीएल धारियों को राशन उपलब्ध कराया जाता है। तद संबंध में ग्राम पंचायत मोहनी में मामला प्रकाश में आया है जहां पर ग्राम वासियों को प्रत्येक माह का राशन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत द्वारा फूड इंस्पेक्टर को की जाती है। फूड इंस्पेक्टर को की जाती है एवं फूड इंस्पेक्टर द्वारा मामले की जांच की जाती है और जांच में 54 कुंटल खाद्यान्न कम पाया गया। जिसके बाद फूड इंस्पेक्टर सेन द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार कर सरपंच और उपसरपंच मोहनी से उसे सत्यापित कराया गया और आगे कार्यवाही हेतु प्रचलित किया गया। ग्राम पंचायत मोहानी जयसिंह नगर लैंप्स प्रबंधक तीरथ शुक्ला के द्वारा ना सिर्फ मोहनी अपितु जयसिंहनगर क्षेत्र के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में राशन वितरण को लेकर भारी अनियमितताएं एवं भ्रष्टाचारी मचाई गई है। बावजूद इसके उक्त प्रतिवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होती हैं। उप सरपंच द्वारा बताया गया कि हमने मौखिक रूप से फोन से शिकायत की गई थी। एवं मामले की जांच फूड कंट्रोलर व सहकारिता विभाग के सीओ को सौंपी गई है। किंतु अभी तक उस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। इतना ही नहीं हर माह जो राशन ग्राम वासियों को उपलब्ध कराया जाता है उसमें से 12 माह में से मात्र 11 माह का राशन ही ग्राम वासियों को प्राप्त होता है और दिसंबर माह का राशन उचित मूल्य दुकानों के कोटेदार व लैंप्स प्रबंधक तीरथ शुक्ला मिलकर के डकार देते हैं।

**जन**
**जन के पेट पर लैंप्स प्रबंधक का डाका**

## जांच से होगा खुलासा

- अगर सूत्रों की माने तो 54 कुंटल राशन जो जांच में कम पाया गया था।
- उसमें लगभग 8लाख का गबन तीरथ शुक्ला लैंप्स प्रबंधक के द्वारा किया गया।
- जिसकी पुष्टि हम नहीं करते ऐसा सूत्र बताते हैं।
- यदि जांच सही तरीके से की जाए तो पूरा सच खुद-ब-खुद सामने आ जाएगा।
- अब देखते हैं कि प्रशासन व सहकारिता विभाग इसमें क्या रुख अपनाता।

# 26 मई को अमरकंटक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग शिविर लगाकर करेगा सुनवाई

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर

**नगरिकों से पंजीयन कराकर शिविर का लाभ उठाने की अपील**

भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो 25 मई को जबलपुर से प्रस्थान कर रात्रि 8:30 बजे अमरकंटक पहुंचेंगे एवं अमरकंटक में रात्रि विश्राम करेंगे। अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो 26 मई को अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के अमरकंटक के सर्किट हाऊस सभागार में बाल अधिकार संरक्षण की बेंच/शिविर लगाकर बाल अधिकारों के हनन व संरक्षण के संबंध में शिकायतों को सुनेंगे व निराकरण करेंगे। साथ ही बच्चों के अधिकार व दागने की कुप्रथा, बाल विवाह रोकने, शिक्षा से जोड़ने, नशामुक्ति के संबंध में जनमानस से चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अमरकंटक के सर्किट हाऊस सभागार में 26 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की गई है। शिविर में घरेलू श्रम के रूप में खतरनाक व्यवस्था में बाल श्रम को लगाना, देयराशि का भुगतान न करना, बचाए गए बाल श्रम का प्रत्यावर्तन, बच्चा सड़क पर उत्पाद बेच रहा है, एसिड अटैक से संबंधित मामले, माता-पिता, अभिभावकों, अन्य व्यक्ति के साथ सड़कों पर भीख मांगना, शारीरिक शोषण, हमला, परित्याग, उपेक्षा, घरेलू हिंसा का शिकार बच्चा, एच.आई.वी. स्थिति के आधार पर बच्चे के साथ भेदभाव, बच्चे को पुलिस ने पीटा, सी.सी.आई. में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार, अवैध गोद लेना, सी.सी.आई. द्वारा एक बच्चे की बिक्री, बच्चे की बिक्री, बच्चों के खिलाफ हिंसा आदि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर श्री जे.पी. धुर्वे ने बताया है कि आयोग की बेंच में सुनवाई के लिए प्रातः 9 बजे से पंजीयन प्रारंभ होगा। शिविर के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु अपर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अनूपपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी को लाईजनिंग ऑफीसर नियुक्त किया है।

## अमरकंटक में एमपीटी एवं नगर परिषद के निर्माण कार्यों का एसडीएम ने लिया जायजा

**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग तथा नगर परिषद अमरकंटक द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री विवेक के.व्ही. ने भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान एमपीटी एवं नगर परिषद का स्टॉफ उपस्थित था। उन्होंने निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।



**सीएम शिवराज के कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों को ला रही बस पलटी**

# तीन की मौत, 5 की हालत गंभीर

फतवा समाचार ◈ उमरिया



### हादसे में पांच की हालत गंभीर

कई लोग घायल हुए हैं जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई गई है. सभी को उमरिया जिला अस्पताल भेजा गया है. काफी मशक?कत के बाद पुलिस और स?थानीय लोगों ने प्रयास करके बस को हटाया जिसके बाद जाम में फंसे वाहन धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे.

मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज के ऊपर अचानक बाइक सामने आ जाने के चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से 5 किमी पहले हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य ग्रामीण घायल हो गए हैं. घायलों को उमरिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां 5 की हालत गंभीर बताई जाती है. इस हादसे में तीन की मौत और दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घायल होने की खबर है. घटना के बाद से ही 108 की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है. गंभीर हालत में आए लोगों को प्राथमिक उपचार कर कटनी, जबलपुर रेफर किया जा रहा है. शिवराज सिंह के जिला अस्पताल पहुंचने की खबर से स्वास्थ्य प्रबन्धन भी हाई अलर्ट पर है. इस हादसे के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई. राहगीरों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस सड़क पर लगे जाम को खुलवाने का प्रयास करती रही. कलेक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी ने पुष्टि की है कि घटना में 3 लोगों की मौत हुई है आठ लोग उमरिया जिला अस्पताल में भर्ती है. कुछ लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है. कार्यक्रम स्थल से पहले सीएम घायलों का हालचाल लेने के लिए अस्पताल आ सकते हैं. बताया जा रहा है कि हादसे में घायल हुए लोगों को बस मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लेकर जा रही थी. हादसे के कारण कई अन्य वाहन चालक जाम के कारण फंसे रहे. दुर्घटनाग्रस्त हुई बस के सामने अचानक बाइक आ गई, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई.

**शासकीय नौकरी, 10-10 लाख, घायलों को 5 लाख मुआवजे की मांग :** दुर्घटना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस जिलाअध्यक्ष अजय सिंह ने प्रदेश सरकार से मृतकों के आश्रितों को शासकीय नौकरी और 10-10 लाख, घायलों को 5 लाख मुआवजे की मांग की है. उन्होंने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. कहा, उड़ीसा पासिंग की 30 साल पुरानी बस में कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए ढोया जा रहा था जिसके कारण घटना हुई है. कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल अस्पताल पहुंचकर घटना के लिए शासन को जिम्मेदार ठहराया. उम्मीद जताई जा रही है कि हादसे की जानकारी पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह कार्यक्रम से पूर्व मरीजों से मिलने और उनकी कुशलक्षेम की जानकारी लेने जिला अस्पताल पहुंच सकते है, हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हो सकी है. हादसे की जानकारी पर एडीजीपी डीसी सागर एवम कमिश्नर राजीव शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे है,जहां सभी घायलों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया है और मीडिया को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का मानवीय आधार पर निराकरण हो :अध्यक्ष श्री करोसिया

फतवा समाचार ◈ अनूपपुर



**राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक**

सफाई कर्मचारियों के स्वत्वों तथा समस्याओं का मानवीय आधार पर निराकरण समय पर हो। उनके नियुक्ति, मानदेय, अनुकम्पा नियुक्ति, रिक्त पदों की पूर्ति, पेंशन, पीएफ, ईएसआई का निराकरण कर लाभान्वित किया जाए। उक्ताशय के विचार मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री प्रताप करोसिया ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित सफाई कर्मचारियों के कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर श्री जे.पी. धुर्वे, एसडीएम अनूपपुर तथा जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती दीपशिखा भगत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.सी. राय, सफाई कर्मचारियों के दो प्रतिनिधि सहित जिले के नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के (केबिनेट मंत्री दर्जा) श्री प्रताप करोसिया ने जिले के नगरीय निकायों के द्वारा सफाई कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा हितलाभ के संबंध में समीक्षा करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति करने और वरीयता क्रम में रिक्त पद के विरूद्ध विनियमित कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्वच्छता का कार्य कर रहे कर्मचारियों के नियमित होने से उनके परिवार को भी लाभ प्राप्त होगा। अध्यक्ष ने ईपीएफ, एनपीएस कटौत्रे की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लंबित मानदेय वेतन का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के पारिवारिक उत्सव के लिए स्थान चिन्हित कर सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवनों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखा जाए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग तथा पुलिस थाना में कार्यरत अंशकालिक स्वच्छकों के पारिश्रमिक भुगतान की जानकारी लेते हुए पीएफ का लाभ देने को कहा। बैठक में अस्वच्छ धंधों में लगे लोगों के लिए आवासीय विद्यालय तथा महर्षि प्रतिभावान छात्र कल्याण योजना व अन्त्यावसायी वित्त निगम के योजना से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को वाहनों के लिए प्रकरण बनाकर बैंकर्स के माध्यम से लाभान्वित करने की बात कही। अध्यक्ष श्री करोसिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए सामुदायिक स्वच्छता परिसर में गांव की ही अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं का स्वसहायता समूह के माध्यम से संचालन सुनिश्चित किया जाए।

# योग से होंगे दूर रोग, दवाईयों की नहीं होगी जरूरत : अध्यक्ष, मध्यप्रदेश योग आयोग

फतवा समाचार ◈ शहडोल

## 21 जून को योग दिवस उत्सव की तरह मनाएं



अध्यक्ष योग आयोग मध्यप्रदेश श्री वेदप्रकाश शर्मा ने कहा है कि योग करने से रोग दूर होते है, दवाईयों की जरूरत नही पड़ती है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार के लिये मीडिया, जनमानस तक योग से होने वाले फायदों की जानकारी पहुंचाएं।उन्होंने कहा कि 21 जून के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्यप्रदेश में लगभग 1 करोड़ लोग योग में भाग लेंगे।अध्यक्ष योग आयोग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तथा योग दिवस को उत्सव की तरह मनाये। अध्यक्ष, मध्यप्रदेश योग आयोग श्री वेदप्रकाश शर्मा आज शहडोल में पत्रकारवार्ता में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि युवाओं में योग को प्रोत्साहित करने के लिये स्कूलों में 10 मिनट का योगाभ्यास प्रतिदिन कराये जाने के प्रयास किये जा रहे है तथा प्रदेश की प्राइमरी एवं मीडिल स्कूलों में योग की शिक्षा देने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंनेबताया कि वर्ष 2020 से भारत सरकार द्वारा योग को खेल का स्वरूप दिया गया है। योग को खेलों के रूप में शामिल कर दिया गया है इससे योग करने वाले युवाओं को लाभ होगा। उन्होने कहा कि योग ऐसा खेल है जो शरीर के साथ-साथ मन को भी प्रसन्न रखता है। उन्होने बताया कि शहडोल जिले में योग अधिकारी की नियुक्त शीघ्र ही होगी तथा शहडोल जिले में योग को प्रोत्साहित करने के सतत प्रयास किये जा जाएगे।

# शहडोल का उमरटोला गांव, जहां घर-घर में है गोबर गैस का प्लांट

फतवा समाचार ◈ शहडोल


जिले के सोहागपुर की ग्राम पंचायत खेतौली का उमरटोला रसोई गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गया है। गांव के हर घर में गोबर गैस का प्लांट है। हर किसान जैविक खेती कर रहा है। इस गांव की जनसंख्या लगभग 1,200 है। कई लोगों ने उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन भी लिए हैं। हर घर में पशुधन हैं जिससे गोबर की जरूरत पूरी होती है। गोबर गैस प्लांट से जैविक खेती के लिए खाद मिलती है। उमरटोला में अधिकांश आदिवासी परिवार व किसान रहते हैं। यहां लगभग 175 गैस संयंत्र लगे हुए हैं जिससे अब सभी के घर में गोबर गैस से ही खाना पक रहा है। गांव की कौशल्या सिंह बताती हैं कि 10 साल पहले प्लांट लगा था। इसके फायदे देखकर गांव के अन्य लोगों का ध्यान इस ओर गया। धीरे-धीरे सभी ने गोबर गैस प्लांट लगावा लिए। प्लांट से निकलने वाली स्लरी से जैविक खाद तैयार कर इसका खेत में इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे खेती में वृद्धि हुई है। खेतौली की करिश्मा सिंह ने बताया की गोबर गैस संयंत्र की लागत लगभग ?16,000 है। कृषि विभाग के माध्यम से गांव के कई लोगों ने गैस संयंत्र लगाया। अब हर घर में इसी का उपयोग कर रहे हैं। अब गोबर गैस से रसोई का चूल्हा जल रहा है।

**गांव में जैविक खेती को मिल रहा बढ़ावा**

**गांव की जनसंख्या लगभग 1,200 है**







## संयंत्र लगाने के लिए किया प्रेरित

शहडोल के पूर्व कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश नामदेव बोले-यह मेरा कार्यक्षेत्र रहा है और मैंने भी ग्रामीणों को गोबर गैस संयंत्र लगाने के लिए प्रेरित किया है। संयुक्त संचालक कृषि जेएस पंद्राम बोले- शहडोल जिले के ग्राम पंचायत खेतौली के उमरटोला में अधिकांश ग्रामीणों के यहां गोबर गैस संयंत्र लगे हुए हैं। निश्चित रूप से यहां के ग्रामीण गोबर गैस संयंत्र का फायदा ले रहे हैं ?। यहां की महिलाएं गोबर गैस से ही चूल्हा जला रही है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. नं 19 जिंसी जहांगीराबाद, भोपाल,मप्र, मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 9 , जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संवादक-डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो -9893798715